नई दिल्ली, शनिवार 28 जून 2025 ■ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-03 ■ वर्ष : 29, अंक : 74 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 29 न्यून.23 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं



पुरी की रथयात्रा में लाखों की भीड़ जुटी

जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब, गूंजे जयकारे, विश्व शांति की कामना

# बलभद्र सुभद्राभ्याम जगन्नाथाय ते नमः


एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो गई। यह भव्य यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। 12 दिन चलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं। पुरी रथ यात्रा तीन भाई देवताओं भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा ▶▶ शेष पेज 7 पर



### 10 से 12 लाख लोग जुटे

पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर ओडिशा के एडीजी एलएंडओ संजय कुमार ने कहा कि हमारा अनुमान है कि यहां 10 से 12 लाख लोग जुटे। 200 से अधिक ओडिशा पुलिस प्लाटून यहां तैनात किए गए हैं। आरएएप की तीन कंपनियों सहित सीएपीएफ की 8 कंपनियां तैनात की गई हैं। एनएसजी, एनएसजी स्नाइपर्स, सीओएसजी, कोस्ट गार्ड ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम सहित कई जीओआई तकनीकी टीमें ओडिशा पुलिस के साथ सहयोग कर रही हैं। इसके अलावा, कैनाइन टीम और ओडिशा की ▶▶ शेष पेज 7 पर



### जुलूस में शामिल एक हाथी बेकाबू

अहमदाबाद में रथ यात्रा के दौरान जुलूस में शामिल एक हाथी बेकाबू हो गया और उसने अजीब व्यवहार करना शुरू कर दिया। इसे तुरंत काबू में कर लिया गया और वहां से ले जाया गया। अहमदाबाद पुलिस ने बताया कि अग्निशमन विभाग, डॉक्टर और पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नेशनल टीचर अवॉर्ड के लिए आवेदन शुरू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने नेशनल टीचर अवॉर्ड 2025 के लिए स्व-नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीबीएसई एफिलेटेड प्राइवेट स्कूलों के टीचर और प्रिंसिपल इस अवॉर्ड के लिए योग्य है। इच्छुक उम्मीदवार बोर्ड की आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### सेंसेक्स 84,000 के पार 9 माह के उच्चतम स्तर पर



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को मजबूती के साथ बंद हुए। बेंचमार्क सूचकांक नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के चलते निवेशकों का मूड सकारात्मक रहा। सेंसेक्स 303.03 अंक या 0.36 प्रतिशत चढ़कर 84,058.90 पर बंद हुआ। निफ्टी 88.80 अंक चढ़कर 25,637.80 पर बंद हुआ।

दोनों देशों के संबंधों में सुधार के लिए राजनाथ ने एडमिरल जून को सुझाया चार सूत्रीय फॉर्मूला

# 'सुव्यवस्थित प्रारूप' के जरिए जटिल मुद्दों के समाधान पर राजी भारत-चीन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद पहली बार चीन के बंदरगाह शहर किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर भारत और चीन के रक्षा मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों ने पूर्वी लद्दाख में पिछले साल वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए सैन्य विवाद के बाद आपसी संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया।

साथ ही स्थायी जुड़ाव और तनाव कम करने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रारूप के जरिए जटिल मुद्दों के समाधान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। भारत के रक्षा मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष के साथ संबंधों में सुधार और सीमा पर भविष्य में कभी भी गलवान घाटी जैसी झड़प की स्थिति उत्पन्न न हो। उसके लिए एक चार सूत्रीय फॉर्मूला भी सुझाया। दोनों रक्षा मंत्रियों ने मौजूदा व्यवस्थाओं के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव घटाने, सीमा प्रबंधन और उससे जुड़े हुए तमाम मुद्दों पर प्रगति हासिल करने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति जताई। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

एससीओ की बैठक से इतर चीन के किंगदाओ में मिले राजनाथ सिंह और एडमिरल जून



### राजनाथ ने दिया अविश्वास दूर करने पर जोर

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा प्रबंधन पर जोर देते हुए इस मामले पर स्थापित किए गए तंत्र को फिर से सक्रिय करते हुए सीमा पर सीमांकन के स्थायी हल का समर्थन किया। सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ प्राप्त करने के अलावा एशिया व दुनिया में स्थिरता के लिए सहयोग बढ़ाने के लिए बेहतर पड़ोसी हालात बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत के रक्षा मंत्री ने जमीनी स्तर पर कार्रवाई कर वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद के बाद उत्पन्न हुए अविश्वास को दूर करने का भी एडमिरल डोंग के समक्ष आह्वान किया।

### चार सूत्रीय फॉर्मूले का सार

सूत्रों ने बताया कि राजनाथ सिंह ने चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून को दोनों देशों के संबंधों में सुधार और भविष्य में एलएसी पर गलवान जैसी खूनी हिंसक झड़प के हालात फिर से उत्पन्न न हों। उससे बचने के लिए एक चार सूत्रीय फॉर्मूला सुझाया। जिसमें सबसे पहले 2024 में हुए समझौते के तहत एलएसी पर दोनों सेनाओं की वापसी से जुड़ी डिसएंगेजमेंट की प्रक्रिया के पूर्णतः पालन, सीमा पर तनाव घटाने के प्रयास किए जाने, सीमाओं के सीमांकन, परिसीमन के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए तेजी से सीमा विवाद ▶▶ शेष पेज 7 पर

### गलवान की झड़प के बाद बढ़ा तनाव

*गौरतलब है कि वर्ष-2020 में शुरू हुआ एलएसी विवाद दोनों देशों के बीच कुल करीब पांच वर्षों तक चला। इसके अंतिम समाधान तक पहुंचने तक दोनों देशों के बीच कई दौर की शीर्ष कमांडरों की बैठकें हुईं। विवाद जून-2020 में गलवान घाटी की हिंसक खूनी झड़प के बाद अपने चरम पर पहुंच गया था। जिसमें भारत के 20 सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। जबकि चीन के सैनिक भी बड़ी तादाद में मारे गए थे। रूस के कजान में भारत-चीन के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में बनी सहमति के बाद यह विवाद सही मायने में पूरी तरह से समाप्त हुआ है।*

### ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताया

*बैठक में रक्षा मंत्री ने चीन के रक्षा मंत्री को 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर किए गए जघन्य आतंकी हमले और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए किए गए भारत के सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने भारत और चीन के बीच स्थापित राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का भी उल्लेख किया। साथ ही पांच साल के बाद दोनों देशों के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुभारंभ होने की सराहना की।*

### राजनाथ ने डोंग को दी मधुबनी पेंटिंग

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून को मधुबनी पेंटिंग भेंट की। जिसे ट्री ऑफ लाइफ के रूप में चित्रित किया गया था। यह ज्ञान और जीवन के उत्साह को प्रदर्शित करती है। मधुबनी पेंटिंग बिहार के मिथिला क्षेत्र से जुड़ी हुई है। उधर, चीन के बयान के मुताबिक, एडमिरल डोंग के साथ बैठक में भारत ने चीन के साथ वाद-विवाद से इतर मतभेदों को भली-भांति संभालने, संवाद को मजबूती प्रदान करने और आपसी संबंधों के तेजी से विकास के लिए साझा विश्वास को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।*

आरजी कर की भयावह घटना के 10 महीने बाद फिर हुई वारदात

## विवाह का प्रस्ताव ठुकराने पर कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता पुलिस ने साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के एक पूर्व और दो मौजूदा छात्रों सहित तीन लोगों को कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया है। घटना कथित तौर पर कस्बा में कॉलेज परिसर में हुई थी। घटना 25 जून को शाम 7.30 बजे से 10.50 बजे के बीच हुई। गिरफ्तार किए गए तीन लोगों में दो मौजूदा छात्र हैं और तीसरा एक पूर्व छात्र है। आरोपी के वकील आजम खान ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है। महिला ने आरोप लगाया है कि कॉलेज परिसर में उसके साथ कुकर्म किया गया। कोर्ट ने मंगलवार, 1 जुलाई तक पुलिस हिरासत दी है। पीड़ित की शिकायत के बाद कस्बा पुलिस स्टेशन ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों में 31 साल के मोनोजीत मिश्रा (कॉलेज के पूर्व इकाई अध्यक्ष), 19 साल के जैब अहमद और 20 साल के प्रमित मुखर्जी (प्रमित मुखोपाध्याय) शामिल हैं। दो आरोपियों मोनोजीत और अहमद को 26 जून की शाम को कोलकाता में तालबगान क्रॉसिंग के पास सिद्धार्थ शंकर शिशु रॉय उद्यान के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय उनके ▶▶ शेष पेज 7 पर

### छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा

*पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी उसे शिक्षण संस्थान के अंदर एक कमरे में ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। छात्रा ने कस्बा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई और तीनों आरोपियों को गुरुवार को हिरासत में लिया गया। फिलहाल मामला प्रारंभिक चरण में है। छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा।*

### मुख्य आरोपी तृणमूल छात्र परिषद का पूर्व अध्यक्ष

*मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा है, जो खुद इस कॉलेज से 2022 में लॉ की पढ़ाई पूरी कर चुका है। अब अलीपुर कोर्ट में वकील के तौर पर प्रैक्टिस करता है। वह तृणमूल छात्र परिषद का पूर्व अध्यक्ष रह चुका है और दक्षिण कोलकाता विंग का संगठन सचिव भी रहा है। कॉलेज में उसका प्रभाव इतना था कि उसे अस्थायी नॉन-टीचिंग स्टाफ के तौर पर भी 45 दिनों की अवधि के लिए नियुक्त किया गया था।*

718 करोड़ से ज्यादा के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को दी गई मंजूरी

## मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), तथा हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में लगभग 718 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट और विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 26 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत की गई है। बैठक में कैबिनेट मंत्री महीपाल ढांडा, विपुल गोयल, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा और श्रुति चौधरी उपस्थित रहे। बैठक में हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ट्रांसमिशन लाइन टावरों और सब-स्टेशन संरचनाओं के विनिर्माण एवं आपूर्ति, एचटी भूमिगत लाइनों इत्यादि के लिए भी लगभग 132 करोड़ रुपए के रेट कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, जिला अंबाला के तहत नारायणगढ़ डिवीजन में रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत एग्रीगेट टेक्निकल एंड कमर्शियल लॉस (एटी एंड सी) को कम करने के लिए डिस्ट्रीब्यूशन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने ▶▶ शेष पेज 7 पर

गुजरात हाईकोर्ट की सुनवाई का वीडियो वायरल

## शर्मनाक...! टॉयलेट सीट पर बैठे हुए ही जज के सामने पेश हुआ शख्स

**वाकया हाईकोर्ट के जस्टिस निरजर एस देसाई की सुनवाई के दौरान हुआ**

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



गुजरात हाईकोर्ट में वर्चुअल हियरिंग का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक शख्य टॉयलेट से जज के सामने पेश हो गया। यह घटना 20 जून की बताई जा रही है। इससे पहले एक शख्स ऑनलाइन हियरिंग सिगरेट पीते हुए कैद हुआ था। यह वाकया हाईकोर्ट के जस्टिस निरजर एस देसाई की सुनवाई के दौरान हुआ। जब आरोपी शख्स हाईकोर्ट की कार्रवाई में जुड़ा। उस वक्त पर दूसरे पक्ष भी जुड़े हुए थे। जस्टिस निर्जर एस देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस में सरमद बैटरी नाम से एक शख्स ने लॉग इन किया था। ▶▶ शेष पेज 7 पर

भाजपा ने तीन राज्यों के संगठन चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की

## किरेन रिजिजू को महाराष्ट्र, हर्ष मल्होत्रा को उत्तराखंड और रविशंकर प्रसाद को पश्चिम बंगाल का चुनाव अधिकारी बनाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए चुनाव अधिकारियों की घोषणा की। किरेन रिजिजू को महाराष्ट्र के लिए राज्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया, जबकि हर्ष मल्होत्रा को उत्तराखंड और रविशंकर प्रसाद को पश्चिम बंगाल के लिए नियुक्त किया गया।

गौरतलब है कि भाजपा जेपी नड्डा की जगह लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव की चल रही तैयारियों के बीच राज्यों में संगठन के चुनावों को संपन्न करवाने में जुटी है। कई राज्यों में पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए हैं। नड्डा 2020 की शुरुआत से ही शीर्ष पद पर हैं और सुचारू बदलाव के लिए उनका कार्यकाल बढ़ा



किरेन रिजिजू



हर्ष मल्होत्रा



रविशंकर प्रसाद

दिया गया है। पार्टी के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब आधे राज्य अध्यक्षों और एक का चुनाव हो चुका हो। किरेन रिजिजू को महाराष्ट्र के लिए राज्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया, जबकि हर्ष मल्होत्रा को उत्तराखंड और रविशंकर प्रसाद को पश्चिम बंगाल के लिए नियुक्त किया गया। भारत के 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में से 14 में अब तक पार्टी अध्यक्षों की ▶▶ शेष पेज 7 पर

## साइबर उगाही गिरोह पर सीबीआई की कार्रवाई, मुंबई, अहमदाबाद में तलाशी, मुख्य सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराधों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय साइबर उगाही गिरोह के प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के तहत मुंबई और अहमदाबाद में समन्वित तलाशी अभियान चलाया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रिंस जशवंतलाल आनंद के रूप में हुई है, जो इस जटिल अंतरराष्ट्रीय रैकेट का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। सीबीआई के अनुसार, यह गिरोह विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के नागरिकों को निशाना बनाता था। यह गिरोह कानून प्रवर्तन और सरकारी अधिकारियों की पहचान का दुरुपयोग कर, फर्जी कानूनी धमकियां देकर और भयभीत कर पीड़ितों से पैसे वसूलता था। यह कार्रवाई ऑपरेशन चक्र-5 के तहत 26 जून को की गई, जिसमें एक दिन पहले तलाशी ▶▶ शेष पेज 7 पर

1960 में हुए समझौते के तहत गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को बताया अवैध

# सिंधु जल समझौते पर पाकिस्तान की नापाक मंशा पर भारत ने फेरा पानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी इरादों को लेकर उसे सबक सिखाने के लिए भारत ने लगभग हर मोर्चे पर जोरदार ढंग से स्ट्राइक की है। इसी क्रम में शुक्रवार को पड़ोसी देश की सिंधु जल समझौते पर बनी हुई नापाक मंशा पर पूरी तरह से पानी फेरते हुए भारत ने वर्ष 1960 में हुए इस समझौते के तहत गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को पूरी तरह से अवैध करार दिया है।

यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए दी। जिसमें बताया कि भारत ने न केवल उक्त गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को अवैध बताया है। बल्कि उसके द्वारा जम्मू-कश्मीर के किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं की क्षमता को लेकर जारी किए गए एक तथाकथित पूरक आदेश को भी सिरे से खारिज कर दिया गया है।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर दी यह जानकारी




**कभी अस्तित्व में ही नहीं था कोई न्यायालय**


मंत्रालय के मुताबिक, तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय द्वारा 27 जून को भारत के केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में एक आदेश पारित किया गया था। जिसे हमने अस्वीकार करते हुए खारिज कर दिया है। भारत ने कभी भी इस तथाकथित न्यायालय के अस्तित्व को मान्यता प्रदान नहीं की है। जिसके चलते हमारा मानना है कि इस मध्यस्थता न्यायालय का गठन सिंधु जल समझौते का उल्लंघन है और इसके सामने की गई कोई भी कार्रवाई या न्यायालय द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय या आदेश वैध नहीं है।

### पाकिस्तानी धूर्तता का एक नया नमूना

*भारत का मानना है कि पाकिस्तान के इशारे पर रचा गया यह पूरा नाटक, आतंकवाद के अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में अपनी जवाबदेही से बचने का हताशाभरा एक प्रयास मात्र है। जिसमें वह इस तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय के तंत्र का सहारा लेकर वैश्विक मंचों पर दशकों से चली आ रही अपनी धोखाधड़ी और हेराफेरी की पुरानी आदतों को ही साफ तौर पर दर्शाता हुआ नजर आ रहा है।*

### इस वक्त तक स्थगित रहेगा समझौता

*मंत्रालय ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने वैश्विक कानून के तहत बतौर एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए सिंधु जल समझौते पर अमल को तब तक स्थगित कर दिया है। जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय रूप से अपना समर्थन देना बंद नहीं करता है। भारत अब इस समझौते के तहत अपनी किसी भी जिम्मेदारी का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। उक्त न्यायालय के अलावा मध्यस्थता के किसी भी अन्य न्यायालय के पास भारत के संप्रभु अधिकारों की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है।*


ALLEN's result validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
BEST RANK of DELHI-NCR in NEET 2025
DELIVERED BY
ALLEN DELHI
DELHI-NCR TOPPER
AIR 4 Mrinal Kishore Jha Classroom Course
AIR 81 Shirin Gupta Classroom Course
AIR 104 Vivek Kumar Classroom Course
AIR 105 Sukrit Sharma Classroom Course
AIR 107 Bhavhya Jayna Classroom Course
AIR 210 Vansh Kumawat Classroom Course
AIR 364 Ajay Raj Patel Classroom Course
AIR 555 Shviti Aggarwal Classroom Course
AIR 665 Shresth Khokhar Classroom Course
AIR 685 Riya Agarwal Classroom Course
AIR 798 Ambbar Chanana Classroom Course
AIR 931 Anshika Classroom Course
AIR 969 Neha Gupta Classroom Course
AIR 1016 Nidhi Classroom Course
AIR 1044 Devashish Mudgal Classroom Course
AIR 1145 Tanushka Jain Classroom Course
AIR 1160 Saksham Garg Classroom Course
AIR 1181 Mohd Uwais Classroom Course
AIR 1222 Divyank Sharma Classroom Course
AIR 1255 Vyoma Bansal Classroom Course
AIR 1478 Arunima Pratap Singh Classroom Course
AIR 1517 Girija Dhingra Classroom Course
AIR 1838 Shivangi Classroom Course
AIR 1859 Farhan Classroom Course
AIR 2001 Arnav Jain Classroom Course
AIR 2006 Aryan Tyagi Classroom Course
AIR 2078 Manav Mishra Classroom Course
AIR 2110 Arnav Singh Classroom Course
AIR 2177 Hunar Classroom Course
AIR 2297 Shivi Goel Classroom Course
AIR 2433 Ajitesh Singh Mann Classroom Course
AIR 2474 Nirvaan Singhal Classroom Course
AIR 2502 Ishant Srivastava Classroom Course
AIR 2628 Kalash Sharma Classroom Course
AIR 2636 Sveta Kumari Classroom Course
AIR 2789 Anushka Sharma Classroom Course
AIR 2813 Aditi Arya Classroom Course
AIR 2828 Rishikesh Kumar Classroom Course
AIR 2841 Aravi raj Classroom Course
Continued...
As per result compiled till 24 June 2025 (11:18 AM)
All Students are from ALLEN Delhi-NCR Classroom Programme
ALLEN study centres in Delhi-NCR
Dwarka | Faridabad | Ghaziabad-RDC | Ghaziabad-Vasundhara | Gurugram | Janakpuri | Kalu Sarai | Lajpat Nagar
Malviya Nagar | Noida (U.P.) | Greater Noida West | NSP | Preet Vihar | Punjabi Bagh | Rewari
ALLEN DELHI
95136 85900
allen.ac.in/delhi

**13** Students in Top 1000 AIR
**56** Students in Top 5000 AIR
**241** Students in Top 25000 AIR

| AIR | Name | Course |
|---|---|---|
| 3060 | Mansi Bharti | Classroom Course |
| 3264 | Yuvraj Singh | Classroom Course |
| 3341 | Kinjal Khandelwal | Classroom Course |
| 3427 | Vanalika Maan | Classroom Course |
| 3436 | Aditya Aggarwal | Classroom Course |
| 3455 | Nikshay | Classroom Course |
| 3458 | Riya Kaushik | Classroom Course |
| 3561 | Harsh Sharma | Classroom Course |
| 3570 | Nupur Jain | Classroom Course |
| 3733 | Riddhima Mishra | Classroom Course |
| 3787 | Arkaprabha Sarkar | Classroom Course |
| 4037 | Khushi Verma | Classroom Course |
| 4412 | Yash Jindal | Classroom Course |
| 4504 | Aditya | Classroom Course |
| 4576 | Pakhi Kumari | Classroom Course |
| 4721 | Tanay Rai | Classroom Course |
| 4821 | Siya Agarwal | Classroom Course |
| 5132 | Shaurya Pandey | Classroom Course |
| 5179 | Raman Dhaka | Classroom Course |
| 5190 | Saarthak Dagar | Classroom Course |
| 5249 | Ankit Achera | Classroom Course |
| 5303 | Manasvi Gangwar | Classroom Course |
| 5306 | Anshu | Classroom Course |
| 5365 | Mansi | Classroom Course |
| 5435 | Himanshu Singh | Classroom Course |
| 5489 | Aarya Saxena | Classroom Course |
| 5553 | Tarun Singh | Classroom Course |
| 5628 | Harsh | Classroom Course |
| 5716 | Nikunj Dev | Classroom Course |
| 5851 | Rishika Bhagat | Classroom Course |
| 5896 | Sneha Sinha | Classroom Course |
| 5956 | Prince Singhal | Classroom Course |
| 5971 | Rihan Saifi | Classroom Course |
| 5993 | Lokesh Chauhan | Classroom Course |
| 6067 | Ritika Khandelwal | Classroom Course |
| 6086 | Manas Verma | Classroom Course |
| 6131 | Kumkum Bansal | Classroom Course |
| 6132 | Lavanya Rawat | Classroom Course |
| 6327 | Ehtesham Badar | Classroom Course |
| 6339 | Mohd Fardeen | Classroom Course |
| 6673 | Vanshika | Classroom Course |
| 6729 | Shubham Khatana | Classroom Course |
| 6759 | Kartik | Classroom Course |
| 6935 | Nishant Yadav | Classroom Course |
| 7028 | Aayush Yadav | Classroom Course |
| 7029 | Pranav Gupta | Classroom Course |
| 7057 | Nikita Yadav | Classroom Course |
| 7190 | Komal Chaurasia | Classroom Course |
| 7201 | Akarsh Sinha | Classroom Course |
| 7216 | Arpit Roy | Classroom Course |
| 7358 | Lokesh | Classroom Course |
| 7449 | Mannat Grover | Classroom Course |
| 7464 | Anjali Bisht | Classroom Course |
| 7501 | Avni Kaushik | Classroom Course |
| 7509 | Mohd Ali Rizvi | Classroom Course |
| 7727 | Manjot Kaur | Classroom Course |
| 7756 | Somansh Anand | Classroom Course |
| 7762 | Nadeem Anwar | Classroom Course |
| 7781 | Gauranshi Vashisth | Classroom Course |
| 7817 | Sakshi Gupta | Classroom Course |
| 8083 | Vishal Kumar | Classroom Course |
| 8146 | Ashish | Classroom Course |
| 8285 | Dhruv Gupta | Classroom Course |
| 8317 | Utkarsh Om | Classroom Course |
| 8344 | Utkarsh Kumar Singh | Classroom Course |
| 8393 | Shourya Jain | Classroom Course |
| 8467 | Himanshu Kumar | Classroom Course |
| 8517 | Rishika Srivastava | Classroom Course |
| 8557 | Mansi Yadav | Classroom Course |
| 8585 | Dev Prajapati | Classroom Course |
| 8937 | Aarya Mahi | Classroom Course |
| 9231 | Apoorva Anand | Classroom Course |
| 9235 | Meenakshi Sharma | Classroom Course |
| 9475 | Mohd. Zunnurain Ali | Classroom Course |
| 9487 | Smita Shukla | Classroom Course |
| 9571 | Ankur Agarwal | Classroom Course |
| 9619 | Dikshant | Classroom Course |

*& Many More…*

## All Students are from ALLEN Delhi-NCR Classroom Programme

# ADMISSIONS OPEN
FOR CLASS 12TH PASS STUDENTS NEET (UG) LEADER BATCH
NEW BATCHES FROM 01 JULY ONWARDS
For course start dates & direct admission visit website allen.ac.in/delhi or nearest center.
Scan to register

# TALLENTEX 2026
For Class 5th to 10th Students
Register now & avail early bird benefit, visit tallentex.com
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
Scholarships worth* ₹250 Crore
Cash Prizes* ₹2.5 Crore
Scan to register

**Attention!**
Get up to 90%* Scholarship based on NEET 2025 rank
*T&C Apply.

ALLEN DELHI
📞 95136 85900 🌐 allen.ac.in/delhi

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying at a coaching institute does not guarantee selection in the examination. Selection depends on preparation, available admission seats in the competitive exam, and the number of applicants appearing. All classroom and online students are part of full-time courses. All students mentioned are enrolled in paid programs.

### मृतक दीपक गैंगस्टर मंजीत महाल का था भांजा

# बवाना में मॉर्निंग वॉक पर निकले शेयर ट्रेडर की गोली मारकर हत्या, हमले में बेटी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी-उत्तरी जिले के बवाना इलाके में शुक्रवार सुबह अज्ञात हमलावरों ने 43 वर्षीय दीपक ठाकरान की गोली मारकर हत्या कर दी। दीपक के साथ उसकी बेटी व माता पिता भी थे। बेटी के हाथ में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस ने गैंगवार की आशंका व्यक्त की है, क्योंकि मृतक जेल में बंद गैंगस्टर मंजीत महाल का भांजा था। हमलावरों की धरपकड़ के लिये कई टीमों का गठन किया गया है। पुलिस प्रारंभिक जांच में कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह पर हमले का शक जता रही है। क्योंकि मंजीत और कपिल गिरोह के बीच लंबे समय से दुश्मनी चल रही है।

**खास बातें**

- दीपक शेयर ट्रेडिंग से जुड़ा था, नहीं था अपराध की दुनिया से कोई नाता
- पुलिस ने व्यक्त की गैंगवार की आशंका





डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के अनुसार दीपक नांगल ठाकरान गांव का रहने वाला था। बीटेक करने के बाद वह शेयर ट्रेडिंग से जुड़ा था। शुक्रवार सुबह वह अपनी 10 वर्षीय बेटी और माता पिता के साथ सुबह की सैर पर निकला था। करीब साढ़े सात बजे नांगल बवाना रोड पर बाइक पर सवार होकर पहुंचे दो अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी। दीपक को करीब आधा दर्जन गोलियां लगीं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले में बेटी के हाथ को पार कर एक गोली निकल गई, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। दीपक का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था, ना ही अपराध की दुनिया से उसका कोई लेना देना था। डीसीपी ने बताया कि हमलावरों की पहचान करने तथा उन्हें पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। हत्या व गोलीबारी के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। फोरेंसिक टीमों ने अपराध स्थल की जांच की है। बवाना थाने की पुलिस हत्या और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर आस-पास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही हैं।

#### दीपक के पिता देवेंद्र ने दी पुलिस को सूचना

कई गोली लगने के बाद दीपक सड़क पर गिर गया। बेटी के हाथ से भी खून बह रहा था। पिता देवेंद्र ने पुलिस को सूचना दी और बेटे और पोती को अस्पताल पहुंचाया, जहां दीपक को मृत घोषित कर दिया गया। गैंगस्टर दीपक महाल की दो बहनों की शादियां देवेंद्र और उसके छोटे भाई के साथ हुई थी। देवेंद्र पेशे से सरकारी टीचर है।

#### लंदन में बैठे नंदू का नाम आया सामने

पुलिस को शक है कि इस हमले के पीछे लंदन में बैठे कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह का हाथ हो सकता है। कुछ समय पहले भी नंदू गिरोह ने मंजीत गिरोह के करीबी प्रॉपर्टी डीलर राजकुमार दराल की 12 अप्रैल को पश्चिम विहार ईस्ट इलाके में हत्या की थी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को बताया कि फायरिंग के समय मृतक की बेटी और पिता कुछ ही दूरी पर थे। इस घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। वारदात के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

## जस्टिस फॉर दीपकः जानकार एक्स पर उठा रहे इंसाफ की मांग

निर्देश तोमर ▶▶ नई दिल्ली

- दो दिन पहले ही दीपक को मिला था सेबी लाइसेंस
- लोग दिल्ली की कानून व्यवस्था पर उठा रहे सवाल

बवाना में शुक्रवार सुबह गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतार दिये गये दीपक ठाकरान शेयर मार्केट के अच्छे ज्ञाता थे। दो दिन पहले ही उन्हें सेबी लाइसेंस प्राप्त हुआ था। यह खुशी वह अपने परिवार और दोस्तों संग साझा कर रहे थे। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर तक रह ना सकी। दीपक की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर भावनात्मक ट्वीट कर भरमार शुरू हो गई है। उनके चाहने वाले और दो इंसाफ की मांग कर रहे हैं। लोग कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठा रहे हैं।

दीपक की हत्या के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दीपक के जानकारों का दर्द छलक रहा है। एक्स पर एक जानकार ने लिखा कि, यह बताते हुए दिल टूट गया कि मेरे प्रिय मित्र दीपक ठाकरान की आज बेरहमी से हत्या कर दी गई। अगर मुझे उन्हें एक शब्द में वर्णित करना होता, तो वह होता, सौम्य। दीपक की एक तस्वीर पोस्ट करते हुये लिखा कि यह तस्वीर दिखाती है कि वे वास्तव में कौन थे। अनगिनत निवेशकों और व्यापारियों के लिए एक शानदार गुरु और शिक्षक। एक प्यार करने वाला पिता, एक प्यार करने वाला पति और एक समर्पित बेटा। क्रूरता दिल दहला देने वाली है। सिर्फ तीन दिन पहले, वे अपना सेबी आरए लाइसेंस प्राप्त करने का जश्न मना रहे थे। एक नई यात्रा शुरू करने के लिए दीपक बहुत उत्साहित था। एक खूबसूरत जिंदगी और एक शानदार दिमाग, जो उम्मीदों से भरा था, पागलों द्वारा खत्म कर दिया गया।

पोस्ट में आगे लिखा कि मीडिया रिपोर्ट्स आपको बताएंगी कि वह एक गैंगस्टर का रिश्तेदार था। कोई गलती न करें, दीपक किसी भी अपराध से सबसे दूर का व्यक्ति था जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं। वह एक ईमानदार और निर्दोष व्यक्ति था। पोस्ट में लिखा कि मैं मीडिया और इसे पढ़ने वाले सभी लोगों से अपील करता हूं कि कृपया उनकी यादों का अपमान न करें। उन्हें ऐसे व्यक्ति के रूप में चित्रित करें जो अपने किसी रिश्तेदार के कारण इस सजा के लिये चुने गये। उन्हें एक अच्छे इंसान के रूप में याद किया जाना चाहिए। एक अन्य हैंडल पर लिखा कि वह अपने जोखिम पर दिल्ली में रहता था। दिल्ली में कानून और व्यवस्था के लिए न तो मुख्यमंत्री और न ही गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। तो चाहे आप दयनीय जीवन जिएं या दीपक ठाकरान की तरह मौत पाएं। आप खुद इस सब के लिए जिम्मेदार हैं। एक अन्य हैंडल पर लिखा गया कि दीपक ठाकरान के असामयिक निधन के बारे में सुनकर हम स्तब्ध हैं। उनके साथ काम करना सम्मान की बात थी। उनकी ऊर्जा, भावना, जुनून और समर्पण ने हम सभी पर अमिट छाप छोड़ी। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं। एक अन्य एक्स यूजर ने लिखा कि दीपक ठाकरान भारत के वित्तीय समुदाय में एक सम्मानित स्टॉक ट्रेडर और शिक्षक थे, जिन्हें एक्स पर **@indian_stockss** के नाम से जाना जाता था। उन्होंने अपने ब्लॉग के माध्यम से तकनीकी विश्लेषण और ट्रेडिंग रणनीतियों को साझा किया और ट्रेडर्स गुरुकुल जैसे प्लेटफॉर्म पर पाठ्यक्रम पढ़ाए। सेबी-पंजीकृत सलाहकार, वे ट्रेडिंग न्यूज वाले कई टीवी चैनल्स पर भी दिखाई दे चुके थे।

#### राजौरी गार्डन में पुलिस मुठभेड़ में वांछित अपराधी घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के राजौरी गार्डन इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान डकैती समेत 50 से अधिक मामलों में वांछित एक अपराधी को धर दबोचा गया। उसके पैर में गोली लगी है। यह मुठभेड़ गुरुवार को संजय गांधी पशु चिकित्सालय के पास हुई। बदमाश का नाम विनय उर्फ मोटा (36) बताया गया है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार विनय नजफगढ़ का रहने वाला है और उसके खिलाफ लूट और झपटमारी समेत कुल 56 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस क्षेत्र में लूट और झपटमारी की घटनाओं में शामिल अपराधियों की पहचान और तलाश में जुटे थी और विनय उनकी प्राथमिकता सूची में शामिल था। 26 जून को रात करीब नौ बजे राजौरी गार्डन इलाके में संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियां देखी गई। कई पुलिस टीमों को सतर्क किया गया और आरोपी को संजय गांधी पशु चिकित्सालय के पीछे नाले रोड पर मोटरसाइकिल चलाते देखा गया। जब पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने गोली चलाई। एक पुलिसकर्मी के बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोली लगी और वह बाल बाल बच गया।

## तीन दिवसीय बाल रंगमंच महोत्सव में नन्हें कलाकारों ने बांधा समा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- दर्शकों ने की मुक्त कंठ से प्रशंसा

उड़ान–द सेंटर ऑफ थिएटर आर्ट एंड चाइल्ड डेवलपमेंट, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बाल रंगमंच महोत्सव में नन्हें कलाकारों ने समा बांध दिया। इस महोत्सव में कुल 12 नाटकों का मंचन किया गया जिसमें स्लम के बच्चों ने पुण्यशलोक अहिल्याबाई का मंचन कर सभी को आर्श्चचकित कर दिया। मशहूर रंगकर्मी संजय टुटेजा के दिशा निर्देश में हुए इस मेगा महोत्सव में बच्चों ने जहां दर्शकों को हंसाया और रुलाया वहीं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का भी संदेश दिया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के समवेत सभागार में आयोजित तीन दिवसीय बाल रंगमंच महोत्सव का उद्घाटन डॉ. सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव, आईजीएनसीए ने दीप प्रज्वलन कर किया। आईएएस अजय गर्ग एवं कला दर्शन विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्रो. ऋचा कम्बोज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि दूसरे दिन डीन प्रशासनिक व कलानिधि विभागाध्यक्ष डा प्रो रमेश चंद गौर ने तथा तीसरे दिन विभागाध्यक्ष संरक्षण डा अचल पाण्डया, ज्वाइंट सीपी दिल्ली पुलिस रजनीश गुप्ता व एडीजी पीआईपी नानू भसीन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। रंगकर्मी संजय टुटेजा ने बताया कि तीन दिनों में मंचित 12 नाटकों ने दर्शकों को बच्चों की रचनात्मक क्षमता, अभिनय कौशल और सामाजिक समझ से भली भांति परिचित कराया। टुटेजा के अनुसार ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशालाओं के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षण देकर तैयार की गई इन प्रस्तुतियों में मंच पर बच्चों का आत्मविश्वास, उच्चारण, शारीरिक भाषा और भाव-प्रदर्शन देखकर दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। समारोह में मंचित नाटकों राजा मिडास और जादुई पतंग का निर्देशन संयोगिता शर्मा एवं आशु भाटेजा ने किया। जबकि बच्चों की कचहरी और लिटिल विमेन का निर्देशन अभिषेक राणा ने किया। नाटक समस्यापुर का निर्देशन शिवांग मिश्रा व आस्था बावेजा ने किया जबकि जंगल बुक और एनिमल फार्म का निर्देशन कन्या सिंह ने किया। टुटेजा के अनुसार इसके अलावा नाटक अंधेर नगरी और वीरगाथा का निर्देशन खुशबू बराइक ने तथा द मैजिकल बस का निर्देशन संवल सहगल एवं चारु सिंह ने किया। समारोह का प्रमुख आकर्षण झुग्गियों बस्तियों में निवास करने वाले बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक पुण्यश्लोक अहिल्याबाई का मंचन रहा जिसका निर्देशन योगेश पंवार ने किया। समापन अवसर पर सभी बच्चों को प्रतिभाग प्रमाणपत्र दिए व ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया गया।

## एक दूसरे के खून के प्यासे है मंजीत और नंदू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कपिल सांगवान उर्फ नंदू और मंजीत महाल गैंग कई सालों से एक-दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं। मंजीत जेल में बंद है तो नंदू विदेश में छिपा बैठा है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया जा चुका है। इन दोनों की दुश्मनी में निर्दोश रिश्तेदार और जानकार भी मारे जा रहे हैं। तिहाड़ जेल में बंद मंजीत महाल और नंदू की दुश्मनी 2015 से जारी है। सूत्रों की मानें तो कपिल सांगवान को कभी नजफगढ़ के सबसे बड़े डॉन रहे कृष्ण पहलवान का सपोर्ट था। दरअसल मंजीत महाल ने कृष्ण के भाई भरत सिंह की इसी वर्ष हत्या की थी। इसलिए ये माना जाता है कि कृष्ण और कपिल आज तक मंजीत महाल से अपनी दुश्मनी निभा रहे हैं। मंजीत महाल अपने साथियों प्रदीप सोलंकी, नफे सिंह उर्फ मंत्री के साथ मकोका के तहत जेल में बंद है, लेकिन वहां रहते हुए भी वो अपना गैंग चला रहा है। 29

- गैंगवार में हो चुकी है दर्जनों हत्याएं

दिसंबर 2015 को नजफगढ़ इलाके में कपिल सांगवान के जीजा सुनील उर्फ डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या को मंजीत महाल के करीबी नफे सिंह उर्फ मंत्री ने अपने साथियों अशोक और प्रदीप सोलंकी के साथ अंजाम दिया था। यह हत्या गलती से हुई थी। दरअसल उन्होंने सुनील को विकास लगरपुरिया का जीजा समझकर मारा था क्योंकि उससे उनकी रंजिश चल रही थी। इस हत्या का बदला लेने के लिए उसी रात कपिल सांगवान ने घुम्मनहेड़ा स्थित नफे सिंह के घर पर हमला किया। इसमें उसके पिता हरिकृष्ण की मौत हो गई जबकि उसकी मां और पत्नी गोली लगने से घायल हो गई थी। इसके बाद हत्याओं का सिलसिला शुरू हो गया था। जनवरी 2016 में पुलिस ने सुनील उर्फ डॉक्टर की हत्या के मामले में धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया। इसके कुछ दिन बाद ही कपिल और उसके साथियों ने धर्मेंद्र के पिता-भाई को मौत के घाट उतार दिया। उधर नफे सिंह को अपने पिता की हत्या में विजेन्द्र पर मुखबिरी का शक था। मई 2016 में उसने 50 से ज्यादा गोली मारकर विजेन्द्र की हत्या कर दी। इसके बाद अक्टूबर 2016 में नफे ने कपिल सांगवान से जुड़े विजय लाला की हत्या कर दी। इसी गैंगवार में मंजीत महाल के पिता की भी हत्या हो चुकी है। अक्तूबर 2016 में ही कपिल सांगवान ने घर के बाहर मंजीत महाल के पिता श्रीकृष्ण की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्या का बदला लेने के लिए मंजीत ने 29 जनवरी 2017 को पिता की हत्या में शामिल विक्रांत गुलिया और दिनेश उर्फ मंगू को मार डाला। 2019 में 21 मई को नजफगढ़ इलाके में गोली मारकर मोहित मोर की हत्या कर दी गई थी। मोहित के टिक टोक पर पांच लाख फॉलोवर्स थे। इस मामले में जब एक आरोपी को पकड़ा गया तो पता चला कि इस हत्या को कपिल सांगवान के इशारे पर अंजाम दिया गया है।

## अमन विहार में किशोर समेत दो की चाकू घोंपकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अमन विहार इलाके में चाकूबाजी की दो अलग अलग घटनाएं सामने आई। इनमें एक 15 वर्षीय किशोर समेत दो की मौत हुई है। हमले में एक अन्य युवक जोकि एक मृतक का भाई है, वह भी जख्मी हुआ है। दोनों ही वारदात गुरुवार रात की बताई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार चाकूबाजी की एक घटना में कक्षा 10 के छात्र दीपांशु की चाकू मारकर हत्या की गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। परिवार का कहना है कि कुछ युवकों ने दीपांशु को घर से बुलाकर चाकू से हमला किया। वारदात को एक पार्क में अंजाम दिया। दीपांशु के साथ तीन युवक और मौजूद थे। वह भी मामूली रूप से जख्मी हुये। तीन से चार युवकों ने इस घटना को अंजाम दिया। इस घटना को लेकर पीड़ित परिवार ने गली के ही दो लड़कों पर आरोप लगाए हैं। मृतक की बहन का



कहना है कि उसके भाई को एक प्लानिंग के साथ मारा गया है। दो जगह चाकू से हमले किए गए। चाकू से एक बार हमला सीने पर हार्ट के पास किया गया था। मृतक की मां ने कहा कि मेरे तीन बच्चे घर पर खाना खा रहे थे। किसी का फोन आने पर दीपांशु नीचे गया था। दीपांशु के भाई ने कहा, वो आईटीआई कॉलेज से पढ़कर लौटा था। भाई को दो बार फोन किये गये थे। दूसरे फोन के बाद वह नीचे गया था। फिलहाल अमन विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चार से पांच दिन पहले दोनों पक्ष के बीच झगड़ा हुआ था। उसी का बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया गया है।

#### सब्जी लेने जा रहे दो भाइयों पर हमला, एक की मौत

अमन विहार में ही गुरुवार शाम एक अन्य वारदात सामने आई थी। प्रवीण अपनी पत्नी व भाई के साथ सब्जी लेने बाजार जा रहा था। उसी दौरान कुछ हमलावार पीछे से आए और दोनों भाइयों को पीटने लगे। उसी दौरान आरोपियों ने चाकू निकालकर प्रवीण और उनके भाई पर हमला किया। इस दौरान प्रवीण की पत्नी मौजूद लोगों से मदद की गुहार लगाती रही, मगर किसी ने आगे आने की हिम्मत नहीं दिखाई। आरोपियों के फरार होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रवीण को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनके भाई का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि यह हत्या भी पुराने किसी झगड़े का बदला लेने के लिए की गई है।

#### एम्स के लापता इलेक्ट्रिशियन का शव तालाब में मिला

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक सप्ताह से लापता 32 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन का शव वसंत कुंज के पास एक तालाब में सड़ी-गली हालत में शुक्रवार को मिला। मृतक की पहचान रंगपुरी पहाड़ी क्षेत्र के इंदर कैंप निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। वह 20 जून को लापता हो गए थे जिसके बाद उनके परिवार ने अगले दिन रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार सुबह करीब आठ बजे एक व्यक्ति ने वसंत कुंज के पास एक तालाब में शव देखा। इसके बाद वसंत कुंज साउथ पुलिस थाने को पीसीआर कॉल मिली। एक टीम मौके पर पहुंची। इंदर कैंप में पीर बाबा के पास एक तालाब में सड़ी-गली हालात में शव मिला। बाद में उसकी पहचान एम्स के लापता इलेक्ट्रीशियन के रूप में हुई। अनिल के परिवार में उनकी पत्नी और छह साल की बेटी है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **विनोद बंसल पुत्रः** नामालूम **पताः** मकान नंबर 1007, डॉ. मुखर्जी नगर, एसएचडी, दिल्ली, **और वरुण गुप्ता पुत्रः** नामालूम **कार्यालय का पताः** 108–110, नामधारी चैंबर्स, 9/54 देश बंधु गुप्ता रोड, करोल बाग, दिल्ली, ने **FIR No. 1010/15 U/s 420/34 IPC थानाः विवेक विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद बंसल और वरुण गुप्ता,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद बंसल और वरुण गुप्ता,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1010/15 U/s 420/34 IPC थानाः विवेक विहार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विनोद बंसल और वरुण गुप्ता,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री स्वाति शर्मा
सीजेएम, कमरा नंबर 59
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8444/SHD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि** उर्फ़ **मनीष** पुत्र राम सागर निवासी हरीश चौधरी का मकान, मुस्कान हॉस्पिटल के पास, चौथा पुश्ता, न्यू उस्मान पुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 21/2022 धारा 356/379/411 भा.द.सं. थाना करोल बाग़, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि** उर्फ़ **मनीष** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि** उर्फ़ **मनीष** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्धोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 21/2022 धारा 356/379/411 भा.द.सं. थाना करोल बाग़, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रवि** उर्फ़ **मनीष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **21.08.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री शिप्रा धनकर,**
**महानगर दंडाधिकारी (केन्द्रीय जिला),**
**कमरा नं. 180, प्रथम तल,**
**तीस हजारी न्यायलय, दिल्ली।**

DP/8425/CD/2025

### विभिन्न दुर्घटनाओं में घायल लोगों को मिलेगी तुरंत चिकित्सा सुविधाएं

# उपराज्यपाल सक्सेना ने मेडिको लीगल मामलों और पोस्टमार्टम परीक्षण के प्रस्ताव को दी हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विभिन्न दुर्घटनाओं में घायल लोगों को तुरंत चिकित्सा सुविधाएं व जरूरी होने पर फोरेंसिक सहायता देने के लिए मेडिको लीगल मामलों, पोस्टमार्टम परीक्षण के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी। राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एलजी सक्सेना ने यह पुनर्वितरण बीएनएसएस एक्ट 2023 की धारा 194(3) के तहत लागू किया गया है, और यह मेडिको लीगल मामलों के प्रबंधन और पोस्टमार्टम परीक्षण करने के लिए यह पुलिस स्टेशनों को अस्पतालों के साथ बेहतर ढंग काम करने में मदद करेगा। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विभिन्न प्रकार के अपराधों और दुर्घटनाओं के पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिले और मेडिको लीगल प्रक्रिया तुरंत और सही तरह से की जाएं। जिससे प्रक्रिया में लगने वाली देरी को कम किया जा सकेगा, जो न्याय में बाधा डाल सकती है। राज निवास के अनुसार यह पहल बलात्कार, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य आपात स्थिति जैसे मामलों में पीड़ितों को तुरंत चिकित्सा और फोरेंसिक सहायता सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है, जिसमें तत्काल चिकित्सा और कानूनी हस्तक्षेप जरुरी होता है। राजनिवास ने बताया कि दिल्ली पुलिस, दिल्ली सरकार के गृह विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के बीच व्यापक समीक्षा के बाद,उपराज्यपाल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। दिल्ली पुलिस द्वारा पुलिस स्टेशनों की एक समेकित सूची प्रस्तुत करने के साथ इसकी शुरुआत हुई थी। जिसमें उनसे संबंधित नामित अस्पताल और वैकल्पिक अस्पताल शामिल थे। इसके बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने चिकित्सा-कानूनी मामलों के प्रबंधन में मौजूदा जरूरतों और चुनौतियों को हल करने के उद्देश्य से एक व्यापक प्रस्ताव तैयार किया। इसके लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत एक समिति का गठन किया गया था। जिसका उद्देश्य पुलिस स्टेशनों और अस्पतालों के बीच संबंध को देखना और उसकी सिफारिश करना था। इसका उद्देश्य संबंधित पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में होने वाली देरी को खत्म करना और पीड़ितों की मेडिको लीगल मामलों के निरीक्षण को सुविधाजनक बनाना था। इसके बाद दिल्ली पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों के परामर्श से गृह विभाग ने समिति द्वारा की गई सिफारिशों की व्यवहार्यता और प्रभावशीलता को जांची गई। इसके बाद, दिल्ली सरकार के विधि विभाग द्वारा पुनर्वितरण की रूपरेखा वाली मसौदा अधिसूचना की समीक्षा की गई और इसमें कानूनी प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक संशोधनों का सुझाव दिया गया।

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा–131305
(अधिनियम 31 ऑफ 2006 द्वारा स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
(एनएएसी प्रमाणित 'बी++' ग्रेड विश्वविद्यालय)

**अधिसूचना**

सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं. 01/2024 से 32/2024 के तहत निम्नलिखित पद कोड : 102, 113, 112, 109, 126, 131, और 119 जो पहले ही परिपक्व हो गए हैं, को छोड़कर विज्ञापन सं. 01/2024 से 32/2024, 33/2024 से 66/2024, 67/2024 से 75/2024 और 76/2024 से 97/2024 के तहत विज्ञापित अध्यापन पदों को प्रशासनिक कारणों की वजह से एतद द्वारा वापिस ले लिया गया है।

सभी आवेदक भुगतान किए गए शुल्क सह आवेदन प्रपत्र के प्रमाण सहित इस सूचना के 60 दिन के अंदर (ऑनलाइन / ऑफलाइन माध्यम से) रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं। 60 दिन के पश्चात, शुल्क की वापसी के लिए किसी आग्रह पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.bpsmv.ac.in** पर पधार सकते हैं।

संवाद–1239/11/85/2026/36022/सी/88/7 दि. 27.06.25 हस्ता/– रजिस्ट्रार

## भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मेले का हुआ शुभारंभ, सीएम रेखा ने की पूजा-अर्चना

**नई दिल्ली।** उड़ीसा की पुरी की तरह ही दिल्ली भी महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकालने में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्राएं निकाली गई जिनमें सीएम रेखा गुप्ता से लेकर मंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद व अन्य नेता, वरिष्ठ अधिकारी सहित हजारों लोग शामिल हुए। इसमें दिल्ली के हौज खास में शुक्रवार को आयोजित 48 वीं महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा में पहुंची मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि रथ यात्रा में भाग लेने का अवसर देने के लिए मैं महाप्रभु का आभार व्यक्त करती हुं। सीएम रेखा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना की है कि वे दिल्ली और देश को अपना आशीर्वाद दें। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली राज्य की सेवक होने के नाते, आज मैं भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के सामने झाड़ू गोहारी करने में सक्षम थी और भगवान को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करके इस रथ यात्रा का शुभारंभ कर रही हूं। हम भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करते हैं कि उनका आशीर्वाद दिल्ली और देश पर बना रहे। इस मौके पर सीएम के अलावा सांसद बांसुरी स्वराज व अन्य मौजूद रहे। वहीं त्यागराज नगर में आयोजित महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मेले के 58वें संस्करण का शुभारंभ किया गया। सीएम रेखा ने यहां भी हाजिरी लगाई और खुद को भाग्य को भाग्यशाली बताया। रथ यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से श्री जगन्नाथ मार्ग भव्य प्रांगण, आईएनए मार्केट, कश्मीर मार्केट, आईएनए मेट्रो स्टेशन, राज्यसभा कर्मचारी आवासीय परिसर से होते हुए शाम को वापस मौसी मां मंदिर पहुंची। मौसी मां मंदिर को विशेष रूप से त्यागराज नगर स्थित सरकारी कर्मचारी आवासीय परिसर के अंदर में बनाया गया था। वहीं द्वारका में इस्कॉन द्वारा आयोजित रथ यात्रा में आयोजकों ने 108 किस्मों के करीब 11 हजार किलो आमों का वितरण किया।

## रेखा गुप्ता सहित कैबिनेट मंत्रियों ने देवी ई-बसों को दिखाई हरी झंड़ी

# मुख्यमंत्री ने नरेला में बस टर्मिनल का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के परिवहन को मजबूती की तरफ बढ़ाते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को नरेला के सेक्टर ए-9 में स्थित नवनिर्मित डीटीसी बस टर्मिनल का उद्घाटन किया और इस मौके पर 100 से अधिक नई देवी ई-बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बताया गया कि करीब 2 करोड़ 63 लाख की लागत से बना यह टर्मिनल 9 प्रमुख रूट्स पर 75 बसों का संचालन सुनिश्चित करेगा, जिनमें से अधिकांश इलेक्ट्रिक बसें होंगी। यह टर्मिनल मात्र 90 दिन में तैयार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली की सड़कों पर अब 2000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़कों पर दौड़ रही हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक पूरी परिवहन व्यवस्था इलेक्ट्रिक हो। बता दें कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, परिवहन मंत्री डॉ पंकज सिंह, समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज, अधिकारियों ने जिन शुरूआती चार देवी ई-बसों को हरी झंडी दिखाई, उन देवी ई-बसों का संचालन महिला ड्राइवरों ने किया, जो महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने की दिशा में दिल्ली सरकार की एक सराहनीय और अनूठी पहल बताया गया है।



### पिछली सरकारें 'काम में दाम' खोजती थीं : रेखा

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकारें "काम में दाम" खोजती थीं, जबकि मौजूदा सरकार "काम" पर ध्यान देती है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि अब दिल्ली में पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी परिवहन व्यवस्था की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारा लक्ष्य 100 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन बेड़े को इलेक्ट्रिक बनाना है, जो प्रदूषण कम करेगा और यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक, और ईको-फ्रेंडली यात्रा का अनुभव देगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बसों का लोकार्पण नहीं है, बल्कि यह दिल्ली की परिवहन व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

### देवी ई-बसों की सौगात एक ऐतिहासिक उपलब्धि : डॉ पंकज

दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने नरेला सेक्टर-9 में नए डीटीसी बस टर्मिनल और देवी ई-बसों की सौगात को राजधानी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत की विकसित राजधानी" के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। उन्होंने कहा कि 4000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बना यह अत्याधुनिक, हाईटेक बस टर्मिनल और नई ई-बसें दिल्ली के हर नागरिक को बेहतर, सुलभ और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन मुहैया कराएंगी। उन्होंने बताया कि यह टर्मिनल न केवल स्मार्ट सुविधाओं से लैस है, बल्कि इसमें इलेक्ट्रिक बसों की चार्जिंग, मेंटेनेंस और पार्किंग की व्यवस्था भी है, जो पर्यावरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और नई सोच का प्रमाण है। डॉ. सिंह ने बताया कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है राजधानी को देश की पहली 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिटी बनाना।

### विधायक को नहीं किया आमंत्रित, नाराज

क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री के इस उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल नहीं होने से जनता में नाराजगी देखी गई। इस संबंध में विधायक राजकरण खत्री से पूछा तो उन्होंने बताया कि डीटीसी प्रशासन ने उन्हें आमंत्रित नहीं किया और उनका नाम शिलापट्ट पर भी नहीं है। जिसके चलते वह कार्यक्रम में नहीं आए। इस कार्यक्रम में सांसद योगेंद्र चंदोलिया, मुख्य सचिव धर्मेंद्र सहित डीटीसी अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने और शहर को स्वच्छ, हरित और विकसित बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों को रेखांकित किया।

### कोर्ट के निर्देशों के बाद हुआ नरेला बस डिपो का उद्घाटन : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने नरेला में बने डीटीसी बस टर्मिनल के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नरेला बस डिपो का उद्घाटन कोर्ट के निर्देशों के बाद किया है। कोर्ट ने आदेश जारी किया था कि विभिन्न क्षेत्रों की झुग्गी-झोपड़ी को उजाड़ने के बाद उनमें रहने वाले परिवारों को नरेला के डीडीए फ्लैटों में स्थानांतरित किया जा रहा हैं। यादव ने कहा कि कोर्ट के निर्देश के बाद कार्रवाही करती सीएम असमंजस में है कि वो नरेला बस टर्मिनल उदघाटन की खुशी मनाएं या चिंता करें कि काम कोर्ट के आदेश के बाद कर रहे है। यादव ने कहा कि बस टर्मिनल के उद्घाटन समारोह में नरेला के स्थानीय विधायक की अनुपस्थिति ने साबित कर दिया है कि भाजपा में अंदरुनी गुटबाजी चल रही है। क्योंकि उद्घाटन पट्टिका पर भाजपा सांसद योगेंद्र चंद्रोलिया का नाम तो है, लेकिन स्थानीय विधायक का नाम नदारद है जिसके कारण विधान सभा के लोग सरकार की कार्यवाही से नाराज हैं और उनकी भावनाएं भी आहत हुई हैं। यादव ने आम आदमी पार्टी और भाजपा की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मेक इन इंडिया प्रमाणपत्र के बिना दिल्ली की सड़कों पर दौड़ रही इलेक्ट्रिक बसों पर सवाल तो जरूर उठाए। लेकिन जैसे ही सामने आया कि ऐसी ही बसों का उद्घाटन खुद अरविंद केजरीवाल भी कर चुके है, तो भाजपा के भ्रष्टाचार पर सौरभ सहित पूरी आम आदमी पार्टी चुप हो गई। यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार के 100 दिनों के कार्यकाल में 2000 से अधिक बसें सड़क से हट गई है। जबकि मात्र 500 से भी कम देवी बसों के आने का जश्न मनाया जा रहा है। दूसरी तरफ दिल्ली की सड़कों पर चल रही लगभग सभी डीटीसी बसें आउटडेटेड हो चुकी हैं। यादव ने किया कि नरेला सेक्टर ए-9 में बस टर्मिनल की योजना भले ही केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में बनी हो, लेकिन इसकी भूमि तो कांग्रेस शासनकाल के दौरान ही उपलब्ध करा दी गई थी। टर्मिनल का विद्युतीकरण और उन्नयन का कार्य उस समय किया गया जब प्रदेश में आचार संहिता लागू थी। ऐसे में इसका श्रेय लेने और उद्घाटन कर वाहवाही लूटने का प्रयास करके रेखा गुप्ता सरकार बेशर्मी के साथ दिखावे की राजनीति कर रही है। यादव ने कहा कि केजरीवाल सरकार के अंतिम महीनों में परियोजना को अंतिम रूप देने में भ्रष्टाचार की गंभीर आशंका दिखाई देती है। क्योंकि पांच तकनीकी रूप से योग्य बोली दाताओं में से तीन के पास जीएसटी नंबर ही नहीं था, और कुछ निविदाएं तो बोली खुलने से पहले ही अयोग्य घोषित कर दी गईं।

### मात्र 90 दिनों में तैयार हुआ है यह टर्मिनल

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने वादा किया था कि दिल्ली के हर बस डिपो और टर्मिनल को उन्नत किया जाएगा और नए डिपो विकसित किए जाएंगे ताकि हमारी परिवहन प्रणाली निर्बाध, सुरक्षित और हर कोने तक पहुंचने वाली हो। आज का यह टर्मिनल और देवी ई-बसें उसी संकल्प की साक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि मात्र 90 दिनों में यह टर्मिनल तैयार किया गया है, जो दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता और कार्यक्षमता का उदाहरण है।

### 'देवी' बसों का रंग भगवा करने के फैसले पर 'आप' ने जताया ऐतराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की बीजेपी सरकार द्वारा 'देवी' बसों का रंग भगवा करने के फैसले पर आम आदमी पार्टी (आप) ने सख्त ऐतराज जताया है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सारी 'देवी बसें' मोहल्ला बसें थीं। भाजपा ने मोहल्ला बसों के नाम बदल कर 'देवी' कर दिया और अब इन बसों का रंग बदल कर भगवा करने जा रही है। एक हिंदू के तौर पर मुझे इस फैसले पर एतराज है। बस में बैठने वाला व्यक्ति खिड़की से थूकता भी है और पान की पीक भी थूकता है। कई बार उल्टी भी कर देता है। बस की खिड़कियों से चिपके हुए उल्टी के दाग, पान की पीक, थूक और बलगम मेरी धार्मिक आस्था को कष्ट पहुंचाता है। भाजपा ने मोहल्ला बस का नाम देवी कर दिया और अगर रंग भगवा कर दिया तो इसके लिए देवी शब्द नहीं है। भारद्वाज ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता को भगवा का शौक हो तो रोज भगवा पहनें, हमें खुशी होगी। सीएम अपने कार्यालय की सारी दीवारें भगवा रंग करा लें। हमें कोई दिक्कत नहीं है। मुख्यमंत्री अपने घर के सारे कमरे भगवा करा लें, हमें इसमें भी कष्ट नहीं है। लेकिन ऐसी चीज, जहां पर गंदगी हो, वह चीज अपमानित हो, तो ठीक नहीं है। जूते-चप्पल पहन कर लोग बस में चढ़ेंगे। शब्दों का चयन बड़े ध्यान से करना चाहिए।

## नशे के विरुद्ध कांग्रेस का युद्ध अभियान आज सभी 70 विधानसभा में उतरेंगे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस आज शनिवार से दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में नशा विरोधी अभियान नशे के विरुद्ध कांग्रेस का युद्ध आयोजित करेगी। इस बारे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में बढ़ते अपराधों को रोकने में आप पार्टी की तरह ही भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। इसलिए दिल्ली कांग्रेस सभी 70 विधानसभाओं में नशे और अपराध के विरुद्ध - कांग्रेस का युद्ध नाम से अभियान चलाकर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते अपराधों और नशे के बाजार के खिलाफ अभियान में पार्टी दिल्ली की जनता को जागरुक करने का काम करके दिल्ली में अपराधों को कम करने में अपनी भागीदारी निभाऐंगे। यादव ने कहा कि गत 26 मई 2025 को मैंने अपने विधानसभा क्षेत्र बादली में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने अभियान की शुरुआत की थी जिसकी दिल्ली के लोगों ने सराहना की और उनका भरपूर सहायोग मिला। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस कार्यकर्ता युवाओं द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और बढ़ती अपराध दर के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए ठोस प्रयास कर रहे है। क्योंकि नशे ने न केवल बेरोजगार युवाओं के जीवन को नष्ट कर दिया है, बल्कि अपराध दर को भी बढ़ाया है। कल कांग्रेस कार्यकर्ता नशे के विरुद्ध, कांग्रेस का युद्ध अभियान को सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में चलाएगा। नशीली दवाओं की लत एक अभिशाप है जो कई होनहार लोगों की जिंदगी को खत्म कर रहा था। उन्होंने कहा कि राजधानी में नशे के कारोबार और बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण पाने में भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार और पिछली आम आदमी पार्टी सरकार पूरी तरह विफल रही और दोनो सरकारें नशे के कारण बढ़ते अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं।

# ढाई साल बाद हुई निगम स्थायी समिति की पहली बैठक में मीडिया को रखा बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की करीब ढाई साल बाद स्थायी समिति की पहली बैठक का आयोजन शुक्रवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में हुआ लेकिन इस बैठक में मीडिया कर्मियों को प्रवेश नहीं दिया। इस संबंध में मीडिया कर्मियों ने निगम के प्रेस एवं सूचना निदेशालय को जानकारी दी तो उन्होंने कहा कि मीडिया के लिए प्रेस सम्मेलन कक्ष में एलसीडी पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था की है, जो मीडियाकर्मियों को रास नहीं आई और सम्मेलन कक्ष में लाइव प्रसारण का बहिष्कार किया। इसका संज्ञान लेकर आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने स्थायी समिति की बैठक में मीडिया कर्मियों के प्रवेश का मामला भी उठाया



- बैठक के बाद स्थायी समिति की अध्यक्षा ने मांगी माफी
- बैठक से मीडिया को बाहर करने पर बिफरे नेता विपक्ष

लेकिन स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने बैठक में प्रवेश देने से इंकार कर दिया। बैठक खत्म होने के बाद निगम की स्थायी समिति कार्यालय से प्रेस वार्ता के लिए आमंत्रण भेजा गया कि स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा और स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, निगम की पहली स्थायी समिति की बैठक के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में मीडिया को जानकारी देंगे लेकिन मीडिया कर्मियों ने प्रेस वार्ता का बहिष्कार किया और जिसे लेकर अध्यक्षा सत्या शर्मा ने बैठक में जगह की कमी का हवाला दिया और फिर मीडिया से माफी भी मांगी।

### समिति बैठक से जनता के मुद्दे रहे गायब : अंकुश

आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा तो स्थायी समिति बनाने की पक्षधर भी नहीं थी, लेकिन 'आप' ने इसे बनवाया। 'आप' के प्रयास से ढाई साल बाद शुक्रवार को स्थायी समिति की बैठक हुई, लेकिन भाजपा की स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने जनता के मुद्दे गायब कर दिए। सत्या शर्मा ने सफाई व्यवस्था, कंसेशनरी समेत किसी भी समस्या का एजेंडा शामिल नहीं किया। एमसीडी के चारों जोन में सफाई व्यवस्था बदहाल है। फिर भी भाजपा ऑटो टिप्पर की संख्या लगातार कम करती जा रही है। अंकुश नारंग ने कहा कि आज एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर में ढाई साल बाद पहली अहम स्थायी समिति सदस्य की बैठक हुई, लेकिन देश का चौथा स्तंभ (मीडिया) को भाजपा ने बैठक को कवर करने की अनुमति नहीं दी। भाजपा दिल्ली की जनता के लिए एजेंडा पास करना चाहती है या भाजपा खुद अपने एजेंट पास कर रही थी। जिसके चलते आज स्थायी समिति बैठक में मीडिया को अनुमति नहीं दी गई। भाजपा ने हमेशा लोकतंत्र की हत्या की है और अब एमसीडी में आते ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। आज स्थायी समिति सदस्य की मीटिंग तो हई। लेकिन मीटिंग से मीडिया को बाहर रखा गया। क्या ये लोकतंत्र की हत्या नहीं है?

## आम महोत्सव देश की परंपरा, कृषि समृद्धि और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में शुक्रवार से आयोजित तीन दिवसीय 34वें आम महोत्सव 2025 का शुभारंभ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित यह आयोजन देश की आम-परंपरा, कृषि समृद्धि और सांस्कृतिक गौरव का उत्सव है। महोत्सव में 400 से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिनमें कई दुर्लभ और क्षेत्रीय प्रजातियां शामिल हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, पंजाब और ओडिशा सहित अनेक राज्यों के आम उत्पादक किसान, सहकारी संस्थान और निजी संगठन इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं। इस महोत्सव का एक और आकर्षण आम से जुड़े विविध उत्पादों की बिक्री है, जिनमें अचार, जूस, पापड़ और कई तरह की चटनी जैसी पारंपरिक वस्तुएं शामिल हैं। साथ ही, बागवानी, अनुसंधान और स्थानीय कृषि से जुड़े प्रयोगों और तकनीकों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। दिल्लीवासियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, जहां वे विभिन्न राज्यों की अनूठी किस्मों के साथ-साथ जैविक आमों की भी खरीदारी कर सकते हैं। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, विधायक नीरज बसोया और मुख्य सचिव धर्मेंद्र भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आम महोत्सव के मैस्कॉट (शुभंकर) का भी अनावरण किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में आम केवल एक फल नहीं है, बल्कि हमारी भावनाओं से जुड़ा एक मधुर अनुभव है। यह हमारे गांव, हमारी परंपरा और गर्मियों की यादों का प्रतीक है।

## महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में अधूरी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के बवाना के पूठ खुर्द में स्थित महर्षि वाल्मीकि अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री डॉ. पंकज ने अस्पताल में सिविल वर्क्स में हो रही देरी और स्टाफ की उपलब्धता में कमी को लेकर अस्पताल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को तुरंत



दुरुस्त कर सभी पेंडिंग काम को जल्द पूरा करने के सख्त निर्देश भी दिए। उन्होंने अस्पताल में इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कमियों को तुरंत दूर करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित निर्माण कार्यों को संबंधित विभागों के सहयोग से शीघ्र पूरा किया जाए। अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और निर्माण कार्यों की प्रगति के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज के साथ दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री श्री रविंद्र सिंह इंद्राज भी मौजूद रहे। महर्षि वाल्मीकि अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने महर्षि वाल्मीकि अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, डॉक्टर और नर्स, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की।

## रैन बसेरों में सुविधाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें जिलाधिकारी : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के सराय काले खान में पांच रैन बसेरों के औचक निरीक्षण में पाई गई व्याप्त कमियों और कुव्यवस्था के बाद दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को जिला अधिकारियों को रैन बसेरों में सुविधाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में रैन बसेरों



की व्यवस्था और प्रबंधन के संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब)के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ दिल्ली के सभी जिलों के जिलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। बैठक के बाद मंत्री सूद ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने जिलों में रैन बसेरों का तत्काल निरीक्षण करें और एक विस्तृत रिपोर्ट बना कर डूसिब या मंत्री के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा की किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सूद ने कहा कि रैन बसेरों में फर्जी कर्मचारियों की उपस्थिति, असामाजिक/आपराधिक तत्वों की मौजूदगी, रैन बसेरों के संचालन में कु-प्रबंधन, विशेषकर महिला रैन बसेरों में सुरक्षा चूक के कारण किसी भी अनहोनी की आशंका आदि समस्याओं का उचित और शीघ्र समाधान किया जाए। डूसिब ने बताया कि वह रैन बसेरों में काम करने वाले कर्मचारियों की उपस्थिति आदि की जानकारी के लिए एक ऐप-आधारित प्रणाली विकसित कर रहे हैं ताकि इन समस्याओं का समाधान किया जा सके।

मंत्री सूद ने कहा कि सभी जिलों में आधार कार्ड शिविर आयोजित करने की संभावना तलाशने के लिए भी कहा गया। सभी जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी द्वारा रैन बसेरों का रात्रिकालीन औचक निरीक्षण भी किया जाएगा ताकि अनियमितताओं पर नियंत्रण रखा जा सके। जिन रैन बसेरों में परिवार सहित लोग रह रहे हैं, उनकी अलग से एक सूची भी बनाई जाएगी।

## दिल्ली देहात के विकास के लिए धन की कभी कमी नहीं होने दी जाएगी

# गांवों में सड़क, जल और सीवर परियोजनाओं को तेजी से किया जा रहा पूरा : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के गांवों में सड़क, जल और सीवर से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता से तेजी से पूरा किया जा रहा है। मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि दिल्ली देहात के विकास के लिए धन की कभी कमी नहीं होने दी जाएगी। हम केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं, विश्वास भी बना रहे हैं। यह बातें शुक्रवार को दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और जल विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा ने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने के दौरान लोगों से संवाद करते हुए कही। इस दौरान मंत्री प्रवेश वर्मा ने



कहा कि हमारा संकल्प स्पष्ट है कि दिल्ली के गांव अब पीछे नहीं रहेंगे। भाजपा के नेतृत्व में ग्रामीण विकास केवल नारा नहीं, बल्कि मिशन है। मंत्री प्रवेश वर्मा ने दौरे के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि छतरपुर मेरे लिए केवल एक राजनीतिक क्षेत्र नहीं है, यह मेरे जीवन का हिस्सा है। मेरे पिता भी यहां से सांसद रहे हैं। मैंने इस जमीन, यहां की तकलीफों और संघर्षों को करीब से जिया है। मेरे लिए यहां की सेवा राजनीति नहीं, पारिवारिक जिम्मेदारी है। दौरे के दौरान मंत्री प्रवेश वर्मा ने 100 फुटा रोड, सीडीआर चौक, जोणापुर गांव, नेब सराय चौपाल और मैदानगढ़ी गांव में स्थानीय लोगों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और विकास कार्यों में तेजी लाने का आश्वासन दिया।

### मंत्री ने गांवों में विकास की परियोजनाओं की प्रगति से जनता को कराया अवगत

दौरे के दौरान मंत्री प्रवेश वर्मा ने गांवों से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में जनता को बताते हुए कहा कि मांडी रोड को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) को सौंपने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जैसे ही ये सड़कें एनएचएआई के अधीन आएंगी, इन्हें राष्ट्रीय मानकों के अनुसार चौड़ा और सुदृढ़ किया जाएगा। इससे जाम और खराब सड़कों की समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। वहीं 80 एमजीडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट छतरपुर में बनाया जा रहा है। इसमें हिमाचल प्रदेश से कच्चा पानी लाकर क्षेत्र में स्वच्छ और निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसी के साथ 85 ट्यूबवेल क्षेत्र के लिए पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं और इनका इंस्टॉलेशन कार्य शुरू हो गया है। मंत्री ने बताया कि यूजीआर से जलापूर्ति जोड़ने के काम भी तेजी से प्रगति पर है। मंत्री ने सीवर परियोजना को लेकर बताया कि टेंडरिंग की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि हमारा संकल्प स्पष्ट है कि दिल्ली के गांव अब पीछे नहीं रहेंगे। भाजपा के नेतृत्व में ग्रामीण विकास केवल नारा नहीं, बल्कि मिशन है। जो सुविधाएं शहरी कॉलोनियों को मिलती हैं, वही सुविधाएं अब हर गांव तक पहुंचनी चाहिए। मंत्री प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में चल रहीं सभी परियोजनाएं तय समय-सीमा में, पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं। इस दौरे में उनके साथ पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानसून की तय तारीख 27 जून भी निकली सूखी, दिल्ली झेल रही है 39 डिग्री पार की मार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली वालों से मुंह फेर चुका मानसून अपनी तय समय सीमा 27 जून को भी भूल गया और राजधानी वालों को 39 डिग्री पार तापमान की मार झेलनी पड़ी। दिल्ली में मानसून आगमन को लेकर मौसम विभाग की सभी भविष्यवाणियां गलत ही साबित हुई। मौसम विभाग ने जहां पहले 25 जून 2025 को दिल्ली में दो पहले मानसून आने की भविष्यवाणी की थी, वहीं बाद में इसे एक दिन कम करते हुए 24 जून 2025 कर दी। लेकिन मानसून न 24 जून को आया और न ही 25 जून को आया। इतना ही नहीं मानसून की तय तारीख 27 जून को भी दिल्ली के आस पास दिखाई नहीं दिया। अब निजी मौसम अनुमान एजेंसी स्काईमेट और भारत मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों की मानें तो 28 और 29 जून को दिल्ली में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी कर दिया है। लेकिन अभी भी कहा नहीं जा सकता कि 28 और 29 को भारी बारिश हुई तो वह मानसून की दस्तक है या कुछ। इस बारे में स्काईमेट वेदर के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. जीपी शर्मा का कहना है कि दिल्ली एनसीआर में मानसून ना आने का कारण एंटी साइक्लोन है। एंटी साइक्लोन को ही मुख्य रूप से बारिश ना हो पाने का कारण मान रहे हैं। लेकिन लगभग तय है कि अब आने वाली 28 और 29 जून को मानसून की लगभग सही तारीख कहा जा सकता है जीपी शर्मा की माने तो बारिश होने के लिए वर्टिकल मोशन का होना बहुत जरूरी होता है। वर्टिकल मोशन ही बादल बनाते हैं और बारिश करते हैं। यह वर्टिकल मोशन आज यानी शुक्रवार को भी बनता हुआ नजर नहीं आया। लेकिन संभावना है कि शनिवार शाम से मौसम करवट लेगा और शाम को अचानक तेज आंधी तूफान आएगा। जबकि शनिवार रात या देर रात से शुरू होने वाली बारिश रविवार सुबह तक जारी रहेगी।

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

**गाजियाबाद।** प्रदेश हाई कमान के संस्तुति के बाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने



अपनी कमेटी की घोषणा कर दी है। कुल 71 पदाधिकारी बनाए गए हैं।कमेटी में 16 महिलाएं, 38 ओबीसी समुदाय के प्रतिनिधि, 10 दलित समाज के सदस्य, और मुस्लिमों को भी जगह दी गई है।जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस नई कमेटी में कुल 71 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो आने वाले चुनावों और संगठन की रणनीतियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## मांगों का समाधान तो दूर सरकार ने बातचीत नहीं की




**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कहा है कि एनपीएस या यूपीएस नहीं पुरानी पेंशन कर्मचारियों का मौलिक अधिकार। केंद्र सरकार के नक्शे कदम पर चलते हुए हरियाणा सरकार ने लागू की यूपीएस पेंशन स्कीम कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन या नेशनल पेंशन स्कीम में से एक चुनने का अधिकार न्याय उचित नहीं। सरकार को पुरानी पेंशन को चुनने का अधिकार भी कर्मचारियों को देना चाहिए। अगर नई पेंशन स्कीम बेहतर है तो संसद से विधानसभा तक सभी सदस्यों को पुरानी पेंशन क्यों दी जा रही है।

## स्मैक/हेरोईन मुहैया कराने का आरोपी धराया

**गुरुग्राम ।** सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने अवैध स्मैक/हेरोईन मुहैया कराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने आरोपी से एक मोबाइल व एक हजार रुपए की नगद बरामद की है। पुलिस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए अदालत में पेश करेगी। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विवेक तिवारी ने आरोपी सोनू को स्मैक सप्लाई किया था। जबकि विवेक तिवारी को यह स्मैक (हेरोईन) अनिल कुमार ने उपलब्ध कराया था। पुलिस टीम ने आरोपी अनिल को भी पहले गिरफ्तार कर लिया था।

## कैब चालक को लूटने के मामले में महिला काबू

**गुरुग्राम।** सोहना क्राइम ब्रांच ने लिफ्ट लेकर कैब चालक को बंधक बनाकर लूटने के मामले में



शामिल महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के एक अन्य साथी को ऑपरेशन आक्रमण के दौरान गिरफ्तार किया था। जिसे अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जा से 10 हजार रुपए की नगदी व एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया।

# आपातकाल कांग्रेस की सत्ता लोलुपता और तानाशाही मानसिकता का प्रतीक

आपातकाल कांग्रेस की सत्ता लोलुपता और तानाशाही मानसिकता का प्रतीक है। 1975 में लगाया गया आपातकाल कोई राष्ट्रीय संकट नहीं था, यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री द्वारा अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश को बंधक बनाने की साजिश थी।

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने शुक्रवार को कहा कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता लोलुपता और तानाशाही मानसिकता का प्रतीक है। 1975 में लगाया गया आपातकाल कोई राष्ट्रीय संकट नहीं था, यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री द्वारा अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश को बंधक बनाने की साजिश थी। मीडिया से चर्चा के दौरान अरुण सिंह ने कहा कि देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कुचला था प्रेस की स्वतंत्रता खत्म की थी। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को अपंग किया और लाखों देशवासियों को जेल में डालकर देश को अंधकार युग में धकेल दिया।




### आपातकाल का कोई संवैधानिक आधार नहीं था

उन्होंने कहा -50 वर्ष बाद भी कांग्रेस की मानसिकता में कोई अंतर नहीं आया है। 1975 में इंदिरा गांधी ने संविधान को रौंदा, वही प्रवृत्ति राहुल गांधी दिखाई देती है । सिंह ने कहा कि शाह आयोग ने भी स्पष्ट कहा था कि आपातकाल पूरी तरह एक राजनीतिक षड्यंत्र था, जिसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था। लेकिन कांग्रेस ने माफी नहीं मांगी, न ही शर्मिंदगी दिखाई। उल्टे गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार की जांच होती है, तो'लोकतंत्र खतरे में है' का शोर मचाने लगती है।

### इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका को बंधक बनाया, प्रेस की बिजली काटी

सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका को बंधक बनाया, प्रेस की बिजली काट दी, मीसा जैसे काले कानूनों से छात्रों, पत्रकारों, विपक्षी नेताओं को जेल में ठूंस दिया। उस दौर में जिस किसी ने भी सवाल उठाया, उसे देशद्रोही बताया। आज भी कांग्रेस उसी मानसिकता को सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लागू कर रही है। आपातकाल सिर्फ एक घटना नहीं, कांग्रेस की सोच का प्रतिबिंब है । कांग्रेस सत्ता को परिवार के लिए आरक्षित समझती है और लोकतंत्र को एक औपचारिकता मानती है। मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, सांसद अतुल गर्ग, मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### गाजियाबाद पुलिस ने चार राज्यों की 9 घटनाओं का पर्दाफाश किया

# फर्जी पॉलिसी बनाकर साइबर फ्रॉड करने वाले सात को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कॉल कर बीमा पॉलिसी बेचने के नाम पर कूटरचित पालिसी बनाकर साइबर फ्रॉड करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार किये है। उनके कब्जे से 26 मोबाइल फोन, 6 चेकबुक, 3 पासबुक, 14 एटीएम कार्ड, 4 सिम कार्ड, महिन्द्रा थार तथा एक्सयूवी 300 कार बरामद की है। साथ ही 4.5 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की घटनाओं से सम्बन्धित 4 राज्यों की 9 घटनाओं का अनावरण करते हुए 1 लाख 98 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने प्रतिनिधि के रूप में कॉल कर बीमा पॉलिसी बेचने के नाम पर कूटरचित पालिसी बनाकर साइबर फ्रॉड करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार किए हैं। उनके कब्जे से 26 मोबाइल फोन, 6 चेकबुक, 3 पासबुक, 14 एटीएम कार्ड, 4 सिम कार्ड, महिन्द्रा थार तथा एक्सयूवी 300 कार बरामद की है। साथ ही 4.5 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की घटनाओं से सम्बन्धित 4 राज्यों की 9 घटनाओं का अनावरण करते हुए 1 लाख 98 हजार रुपये नगद बरामद किये हैं। एक प्रेस वार्ता में एडीसीपी कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने शुक्रवार को बताया कि थाना साइबर क्राइम ने फोन पर विभिन्न बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि के रूप में कॉल कर बीमा पॉलिसी बेचने के नाम पर कूटरचित पालिसी बनाकर साइबर फ्रॉड करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के सदस्य अमन अग्रवाल, राहुल यादव, आफताब आलम, राहुल शर्मा, दीपक, गर्वित त्यागी तथा जगजीत सिंह को गिरफ्तार किया।

### पॉलिसी धारकों को नई पॉलिसी कराने की देते थे सलाह




पॉलिसी धारकों को नई पॉलिसी कराने की सलाह देते थे तथा पॉलिसी धारकों से पैसे ट्रांसफर कराने के लिए म्यूल बैंक खातों की डिटेल देते थे और पॉलिसी धारक इनके द्वारा दिये गये खातों मे बीमा पॉलिसी का पैसा ट्रांसफर कर देते थे और इसके बाद ये लोग पॉलिसी धारक को बीमा पॉलिसियों के नाम पर केन्वा सॉफ्टवेयर की मदद से फर्जी व कूटरचित बीमा पॉलिसी तैयार कर उपलब्ध करा दिया करते थे । ये लोग पॉलिसी धारकों को फोन करने के लिए फर्जी आईडी के प्री एक्टिवेटेड सिम कार्ड मुकेश नामक व्यक्ति उपलब्ध कराता था तथा अमन ने विलास, गणेश तथा भूपेश को कुछ पैसों का लालच देकर इनसे बैंक खाते तथा उन खातों के एटीएम, चैक बुक प्राप्त कर इन्ही बैंक खातों में साइबर फ्रॉड का पैसा ट्रांसफर कराते थे और इन खातों से ये लोग एटीएम के माध्यम से पैसे निकाल लेते थे । उन्होंने बताया कि थाना मधुबन बापूधाम से नागपुर के साइबर फ्रॉड के एक मुकदमे में कुछ दिनों पूर्व जेल गए निशान्त त्यागी उर्फ काकू काल सेंटर के माध्यम से इस तरह का फ्रॉड करने का अभ्यस्त अपराधी है।

### विधायक शर्मा ने विकास कार्यों का जायजा लिया

# सर्विस लाइन और नाले की सफाई पर दिए निर्देश



### एलिवेटेड पुल निर्माण कार्य में गति लाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के मोहना रोड पर चल रहे निर्माण कार्य के साथ नाले में बनाई जाने वाली सर्विस लाइन और नाले की सफाई कार्य का जायजा लिया। विधायक ने मौके पर मौजूद नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मोहना रोड के साथ बनाए गए नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य में आ रही दिक्कत को मौके पर दूर कराया। सर्विस रोड के कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

कहा कि एलिवेटेड पुल निर्माण कार्य को तेज गति से चालू रखे ताकि निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूरा हो सके। मौके पर एसडीओ अमित चौधरी, पीडब्ल्यूडी विभाग एसडीओ रवींद्र पाल सिंह, एसडीओ असर खान, बिजली बोर्ड के एसडीओ दिनेश, जेई अरुण, पार्षद सोनू वैष्णव, सुनील शास्त्री, शाहिद स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे।

### अमृता अस्पताल से टैक्स 1 करोड़ 96 लाख की वसूली

नगर निगम ने माता अमृतानंदमयी अस्पताल पर सख्त रुख अपनाते हुए 1 करोड़ 96 लाख रुपए से ज्यादा का प्रॉपर्टी टैक्स रिकवर किया है। काफी लंबे समय से इस अस्पताल द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं किया जा रहा था, लेकिन हरियाणा सरकार के निर्देश अनुसार नगर निगम द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स वसूली की कार्रवाई लगातार जारी है। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में ओल्ड जोन 1 क्षेत्रीय कर अधिकारी सृष्टि बब्बर की टीम ने प्रॉपर्टी टैक्स वसूल कर निगम खाते में जमा कराया है।

## नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट व भारती चैरिटेबल ने दिव्यांगों को मदद दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

संजय कालोनी स्थित चेतना वेलफेयर सोसायटी में नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट और भारती चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग बच्चों को पाठ्य सामग्री, खाद्य सामग्री और आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर कई प्रमुख समाजसेवियों ने बच्चों को अपने हाथों से सामग्री भेंट की। समाजसेवी कुलदीप लाम्बा ने अपना जन्मदिवस भी बच्चों के साथ मनाया और उनके साथ मिलकर केक काटा। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेन्द्र नांदल ने कहा कि उनका ट्रस्ट दिव्यांग बच्चों की सहायता के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है और भविष्य में भी यह प्रयास जारी रहेगा। नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा ने बताया कि दोनों संस्थाएं समाज की सेवा में निरंतर सक्रिय रहती हैं। वे समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करते हैं और जरूरतमंदों को पाठ्य सामग्री एवं भोजन सामग्री प्रदान करते हैं।

### हर व्यक्ति को सेवा-सहायता करनी चाहिए

समाजसेवी कुलदीप लाम्बा ने कहा कि हर एक समृद्ध व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दिव्यांग बच्चों की सेवा और सहायता करनी चाहिए, आखिर वे हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनकी मदद कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाना हमारा कर्तव्य है। इस कार्यक्रम में अजय, मिथलेश, मनीष मिश्रा, कविता ठाकुर, विनोद चौधरी और अन्य विशिष्ट व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

### एचएयू छात्रों को झूठा आश्वासन देकर सरकार ने धोखा किया

# जेजेपी जिलाध्यक्ष पर हमले की एसआईटी जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आज प्रदेश की कानून व्यवस्था का बुरा हाल हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल से लगातार अपराध की घटनाएं बढ़ रही है। शुक्रवार को दुष्यंत चौटाला फरीदाबाद में बदमाशों के जानलेवा हमले के बाद अस्पताल में भर्ती जेजेपी जिलाध्यक्ष प्रदीप चौधरी से मिलने पहुंचे और उनका हालचाल जाना। पत्रकारों से रूबरू होते हुए पूर्व डिप्टी सीएम ने घटना की निंदा की और कहा कि सरेआम गुंडे बुलाकर 15-20 लोगों ने जेजेपी के जिलाध्यक्ष के साथ मारपीट की।

उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में देरी की । दुष्यंत चौटाला ने मांग करते हुए कहा कि इस घटना की जांच के लिए एसीपी रैंक के वरिष्ठ अधिकारी के अध्यक्षता में एक एसआईटी बनाई जाए और सभी आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

### रोजाना आम नागरिक हो रहे आपराधिक घटनाओं के शिकार



पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री शराब ठेकेदारों को सुरक्षा देने की बात करते है, जबकि रोजाना आम नागरिक आपराधिक घटनाओं के शिकार हो रहे है। उन्होंने कहा कि बदमाशों द्वारा छोटे व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है इसलिए कानून व्यवस्था संभालने के लिए सरकार को अनुभवी पुलिस अधिकारियों को मैदान में उतारना होगा। एचएयू छात्रों के मामले में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पहले तो अपना हक मांग रहे छात्रों पर प्रशासन द्वारा लाठीजार्च किया गया और उसके बाद जब छात्रों ने एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई तो उनके साथ सरकार द्वारा गठित कमेटी ने झूठा आश्वासन देकर धोखा किया।

# अमृता अस्पताल व फ्रांस दूतावास के बीच ऐतिहासिक समझौता

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में भारत और फ्रांस के बीच सहयोग को सुदृढ़ बनाने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अमृता अस्पताल ने



भारत में फ्रांस के दूतावास के साथ एक स्मरणीय समझौता ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता करुणा, नवाचार और सामाजिक सेवा जैसे साझा मूल्यों पर आधारित भावी सहयोग की संभावनाओं को सशक्त करता है। यह समझौता फ्रांस के भारत में राजदूत महामहिम थिएरी माथु की केरल स्थित अमृतपुरी आश्रम की यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। राजदूत माथु के साथ एक उच्च-स्तरीय फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल भी उपस्थित था। उन्होंने आध्यात्मिक गुरू और अमृता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) से मुलाकात की और अमृता द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा और मानवीय सेवा के क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे सागक्ष परिवाद किया गया है कि **(1) कृष्ण कुमार माथुर** पुत्र प्रताप सिंह-सीटी **केसेस 491/2020, 636/2020, 964/2020, 722/2020, (2) नियांगनेलियन** पत्नी एलेलो ओकाफोर (उपयोगकर्ता)-**सीटी केसेस 722/2020, 964/2020, (3) नियांग** पत्नी ऑस्टिन-**सीटी केसेस 636/2020, 491/2020,** निवासी- प्लॉट नंबर 34 के सामने, खसरा नंबर 8/25, ब्लॉक-बी, कुतुब विहार, फेज-2, नजफगढ़, नई दिल्ली 110071, पोल नंबर एनजेएफएमजे 45 के पास ने **धारा 135 विद्युत अधिनियम, थाना छावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) कृष्ण कुमार माथुर, (2) नियांगनेलियन, (3) नियांग** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **(1) कृष्ण कुमार माथुर, (2) नियांगनेलियन, (3) नियांग** फरार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **(1) कृष्ण कुमार माथुर, सीटी केसेस 491/2020, 636/2020, 964/2020, 722/2020, (2) नियांगनेलियन, सीटी केसेस 722/2020, 964/2020, (3) नियांग, सीटी केसेस 636/2020, 491/2020, धारा 135 विद्युत अधिनियम, थाना छावला, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री विनोद कुमार मीना**
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दक्षिण-पश्चिम)
विशेष न्यायालय (विद्युत), न्यायालय संख्या 609
द्वारका जिला न्यायालय, नई दिल्ली

DP/8093/DW/2025

पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र की मासिक संगोष्ठी

# पाक का माहौल एवं आपातकाल का दिन चिंता से अधिक चिंतन का विषय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वर्तमान समय में पड़ोसी देश का माहौल एवं आपातकाल का दिन चिंता से अधिक चिंतन का विषय हैं। पड़ोसी देशों में व्याप्त अस्थिरता एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। हम सभी को राष्ट्र सर्वोपरि का भाव रखते हुए इसके समाधान के लिए रणनीति बनानी होगी। आपातकाल भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय है, जिसकी विभीषिका को राष्ट्र कभी नहीं भुला सकता है।

नेहरू कॉलेज में पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र द्वारा एक संगोष्ठी पड़ोसी देशों के परिपेक्ष्य में भारत के लिए बढ़ती चुनौतियां एवं समाधान विषय पर आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन श्री कृष्ण सिंघल, पंचनद शोध संस्थान एवं प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो.बृज किशोर कुठियाला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नेहरू कॉलेज प्राचार्य डॉ. रुचिरा खुल्लर ने अध्यक्षता की । कार्यक्रम में पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र की जिला अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ.सविता भगत ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में संक्षेप में उल्लेख किया। इस अवसर पर जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुशील कुमार तोमर सहित कई प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## फिटबार ने डीसी 11 फरीदाबाद को 8 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद इनकम टैक्स बार एसोसिएशन (फिटबार) द्वारा आरएस क्रिकेट अकादमी में आयोजित एक रोमांचक नाइट क्रिकेट मैच में फिटबार 11 ने डीसी 11 फरीदाबाद को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए डीसी 11 ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 107 रन बनाए। जिला सोसायटी रजिस्ट्रार सचिन यादव ने 37 रनों की उम्दा पारी खेली और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**अमित कौशल सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ रहे-** फिटबार 11 ने 11.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। सीए अमित कौशल ने 35 रनों की शानदार पारी खेली और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ रहे। सीए राहुल शर्मा, सीए हर्ष मित्तल और एडवोकेट हरिंदर सैनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। गेंदबाज़ी में सीए नंदलाल टुटेजा, सीए योगेश सिंह और संजीत सिंह ने 2-2 विकेट झटके।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | वार्ड 18 में रतन के मकान से बिशन के मकान तक आईपीबी टाइल्स रोड का निर्माण + 35 कार्य। | 25.06.2025 02.07.2025 | 4.01 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 eemcnarnaul@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/36044/I/88/7 दि. 27.06.25

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र./लो.क.वि./2025/488 रिसाली, दिनांक 26/06/2025

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PUMPING ARRANGEMENT FOR SEWAGE OF TALPURI AREA TO EXISTING PUMPING STATION OF BSP. | 170888 | 18587180.00 | 15-07-2025 |

(नोट :- ई-टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

## खबर संक्षेप

### पटना जा रहे इंडिगो का टायर रांची में पंक्चर



**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर शुक्रवार की दोपहर अजीबोगरीब स्थिति बन गई, पटना जा रहे इंडिगो एयरलाइंस के विमान का टायर पंक्चर हो गया। जिसके बाद इस विमान को रांची में ही ग्राउंडेड करना पड़ा। इसी विमान में लखनऊ जाने वाले यात्री भी सवार थे। घटना का पता चलते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद इस उड़ान को रद्द कर दिया गया।

### ड्यूटी पर तैनात दारोगा को एसपी ने कराया काबू



**जहानाबाद।** यहां एक दारोगा को एसपी के आदेश पर गिरफ्तार कर लिया गया। दारोगा की पहचान राजकिशोर चौधरी के रूप में की गई है। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामला घोषी थाना का है। दरअसल 26 जून को एसपी विनीत कुमार को गुप्त सूचना मिली कि घोषी थाने में तैनात दारोगा राजकिशोर चौधरी नशे की हालत में ड्यूटी कर रहे हैं और आम जनों के साथ अपने सहयोगी पुलिस वालों से दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

### किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर 63 लाख ठगे



**मेरठ।** मवाना के मोहल्ला कल्याण सिंह निवासी मनीषा अग्रवाल ने दो डॉक्टरों सहित पांच के खिलाफ पति की किडनी ट्रांसप्लांट कराने के नाम पर 63 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।मनीषा ने बताया कि उनके पति बोधराज अग्रवाल दो साल से किडनी की बीमारी से ग्रसित थे और मेरठ से डायलिसिस करा रहे थे।

# शिवराज बोले- संविधान को धर्म निरपेक्षता और समाजवाद शब्द की नहीं जरूरत

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कहा कि धर्म निरपेक्षता और समाजवाद शब्द को संविधान में बाद में अपने फायदे के लिए जोड़ा गया है।



वाराणसी में आपातकाल विषय पर केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने की चर्चा

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वाराणसी में कहा कि भारत के संविधान को धर्म निरपेक्षता और समाजवाद शब्द की जरूरत नहीं है। ये दोनों शब्दों को हटाया जाना चाहिए। आपातकाल विषय को लेकर मीडिया से चर्चा कर रहे शिवराज सिंह ने कांग्रेस को इन दोनों शब्दों के लिए खूब लताड़ा। कहा कि संविधान में बाद में अपने फायदे के लिए इसे जोड़ दिया गया, जबकि इसकी जरूरत नहीं थी। भारत की संस्कृति का इससे कोई संबंध नहीं है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को संगठन द्वारा तय आपातकालीन कार्यक्रम के तहत काशी पहुंचे। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उनके आगमन पर भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक अंदाज में माल्यार्पण कर कृषि मंत्री का अभिनंदन किया।

## राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने मार्कंडेय मंदिर में किया रूद्राभिषेक



असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य शुक्रवार को कैथी स्थित मार्कंडेय महादेव मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने मार्कंडेय महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक कराया। वहां उन्होंने जलाभिषेक, दर्शन पूजन करने के बाद मंदिर का अवलोकन किया। राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने बताया कि संस्कार व संस्कृति की पहली कड़ी यहीं से मिलती है। यहां आकर मैं धन्य हुआ। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक स्थलों का विकास कर सभी को संस्कारित करने का जो प्रयास किया है वह यहां देखने को मिलता है। देश वासियों के लिए मंगलकामनाएं व असम के लोगों के कल्याण की बाबा मार्कंडेय से मन्नतें भी मांगी। मार्कण्डेय महादेव मंदिर व गंगा संगम घाट का विकास यहां रोजगार व पर्यटन के साथ- साथ लोगों को संस्कारित भी कर रहा। यहां आने से मन बहुत आह्लादित हुआ।

## एमएसएमई दिवस पर योगी सरकार की बड़ी घोषणाएं

# यूपी की पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा ओडीओपी परियोजनाओं का किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

विश्व एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई नई पहल का शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से फुरसत नहीं थी। युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा किया गया।

विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित एक भव्य समारोह में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल ऐप का शुभारंभ और बरेली और मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपए की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। योगी ने जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने न सिर्फ उद्यमियों की उपेक्षा की, बल्कि जातीय संघर्षों को बढ़ावा देने का कार्य भी किया।



### युवाओं के लिए उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा

मुख्यमंत्री ने यूथ अड्डा का लोकार्पण किया, जिसे यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। यह मंच सभी जातियों और समुदायों के युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा।

### तकनीक से सशक्तिकरण का आधार है सीएम युवा ऐप

सीएम युवा मोबाइल ऐप के शुभारंभ के साथ, सरकार ने युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप सभी समुदायों के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप सुनिश्चित करेगा कि कोई भी युवा सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने के लिए मजबूर न हो।

**हर जनपद, हर समुदाय की पहचान बना ओडीओपी**

मुख्यमंत्री ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के तहत बरेली और मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपए की लागत से कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर (सीएफसी) परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सीएम योगी ने कहा कि आज ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं।

### आर्थिक प्रगति है यूपी का नया चेहरा

*मुख्यमंत्री ने पिछले आठ वर्षों में यूपी की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2017 में प्रदेश का निर्यात मात्र 80 हजार करोड़ रुपए था, जो आज 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। प्रति व्यक्ति आय 46 हजार रुपए से बढ़कर 1 लाख 20 हजार रुपए और जीडीपी 12 लाख 75 हजार करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ रुपए हो गई है। सीएम योगी ने कहा कि यह प्रगति बेहतर कानून व्यवस्था और सभी समुदायों को समान अवसर देने के कारण संभव हुई है।*

## अब अधिकतम 4 घंटे में होगा पोस्टमार्टम

# किसी परिजनों से नहीं लिया जाएगा वीडियोग्राफी का पैसा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवारों को अब अधिक इंतजार नहीं करना होगा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दुःख की घड़ी में परिजनों की पीड़ा कम करने के लिए पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम की नई गाइड लाइन जारी कर दी हैं।

प्रदेश भर के पोस्टमार्टम हाउस में नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब शव का पोस्टमार्टम अधिकतम चार घंटे में करना होगा। जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां सीएमओ दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराएं ताकि परिजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े।

### 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे

डिप्टी सीएम ने बताया कि सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जाए। जल्द से जल्द शव के साथ संबंधित अभिलेख भी पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की कृत्रिम व्यवस्था की जाए। दूसरे जरूरी संसाधन भी पर्याप्त हों ताकि 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे। हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराएं जाएं। हालांकि अपरिहार्य कारणों में जिला मजिस्ट्रेट व उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति पर रात में भी पोस्टमार्टम कराया जा सकता है।

### रोगी कल्याण समिति या अन्य मदों से होगा भुगतान

कानून व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, एनकाउंटर, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु आदि में रात में होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई जाए। शासनादेश के मुताबिक पैनल के तहत होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाए। इसका पैसा पीड़ित परिजनों से नहीं लिया जाए। वीडियोग्राफी का भुगतान रोगी कल्याण समिति व अन्य मदों से किया जाए।

## पेज एक का शेष

### बलभद्र सुभद्राभ्याम...

को उनके रथों पर लाने के साथ शुरू हुई। पुरी के जगन्नाथ मंदिर में पहांडी अनुष्ठान शुरू हुआ। इसमें भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को रथ यात्रा के लिए 12वीं सदी के मंदिर से उनके संबंधित रथों तक जुलूस के रूप में ले जाया गया। जहां से उन्हें श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया गया। घंटियां, शंख और झांझ बजाते हुए चक्रराज सुदर्शन को सबसे पहले मुख्य मंदिर से बाहर लाया गया और देवी सुभद्रा के दर्पदलन रथ पर बैठाया गया। पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र अस्त्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में की जाती है। सुदर्शन के पीछे भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई भगवान बलभद्र थे। भगवान बलभद्र अपने तालध्वज रथ पर विराजमान हैं।

### 10 से 12 लाख ...

एंटी-सैबोटेज यूनिट जैसी विशेष इकाइयां सहायता के लिए यहां मौजूद हैं। पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान आरएसएस स्वयंसेवक रथ यात्रा में चिकित्सा की आवश्यकता वाले भक्तों को ले जाने वाली एंबुलेंस के लिए एक विशेष गलियारा बनाने में मदद कर रहे हैं।

### चार सूत्रीय...

सुलझाया जाना चाहिए। अंत में राजनाथ सिंह ने संबंधों को बेहतर बनाने, मतभेदों को हल करने के लिए नई प्रक्रिया तैयार करने के लिए मौजूदा विशेष प्रतिनिधि तंत्र को प्रयोग किए जाने को जरूरी बताया।

### विवाह का प्रस्ताव...

मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए। तीसरे आरोपी प्रमित को 27 जून को सुबह 12.30 बजे उनके घर से गिरफ्तार किया गया और उनका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया। गौर हो कि यह भयावह घटना शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के 10 महीने बाद हुई है।

**महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया:** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर गहरी चिंता व्यक्त की है और बीएनएस के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत तत्काल, समयबद्ध जांच का निर्देश दिया है। उन्होंने पीड़िता को बीएनएसएस की धारा 396 के तहत मुआवजे के साथ-साथ पूर्ण चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता प्रदान करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। आयोग ने 3 दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी की...

के लिए भी मंजूरी प्रदान की गई। इस पर लगभग 53.86 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं में गलघोटू और मुंह खुर बीमारी से बचाव के लिए एफएमडी पल्स एचएस दोहरी वैक्सीन की लगभग 220 लाख खुराक की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 73.45 करोड़ रुपए की लागत आएगी। बैठक में बेहरामपुर में मौजूदा 120 एमएलडी एसटीपी का अपग्रेडेशन करके शुद्ध किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता को ओर अधिक बढ़ाने की परियोजना को भी स्वीकृति दी गई। इसके लिए लगभग 33.88 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा, गुरुग्राम शहर में मौजूदा 100 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अपग्रेड करने तथा 75 एमएलडी क्षमता वाले टर्शरी उपचार संयंत्र की स्थापना इत्यादि के कार्यों को भी मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 51.34 करोड़ रुपए की लागत आएगी। बैठक में श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज, सेक्टर-102ए, खेड़की माजरा, गुरुग्राम के लिए लगभग 26.95 करोड़ रुपये की गैर - मेडिकल उपकरणों की खरीद और रखरखाव को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा, शहर में द्वारका एक्सप्रेस वे के साथ साथ विभिन्न स्थानों पर रीसाइकिल पाइप लाइन के स्थानांतरण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई। इस पर लगभग 14.90 करोड़ रुपए की लागत आएगी। फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी की परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई। फरीदाबाद में जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी।

**स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, नए एमसीएच ब्लॉक को मंजूरी :** बैठक में पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक में 23.64 करोड़ रुपये की लागत से गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, सोनीपत जिले में नागरिक अस्पताल परिसर में लगभग 49 करोड़ रुपये की लागत से 100 बिस्तरों वाले मातृ एवं शिशु अस्पताल ब्लॉक (एमसीएच) के निर्माण तथा नूंह जिले के नल्हड़ में एसएचकेएम सरकारी मेडिकल कॉलेज के परिसर में 27.95 करोड़ रुपये की लागत से 100 बिस्तरों वाले एमसीएच के निर्माण को भी मंजूरी दी गई।

**बुनियादी ढांचे को बढ़ावा, आरओबी और आरयूबी निर्माण को मंजूरी :** पानीपत जिले में जींद-पानीपत रेलवे सेक्शन पर तथा दिल्ली-अंबाला सेक्शन पर आरओबी के निर्माण, बल्लभगढ़ में बल्लभगढ़-पाली-धौज-सोहना सड़क पर मुंबई-दिल्ली रेलवे लाइन के एल.सी.-575बी पर दो लेन आर.ओ.बी. को चार लेन करने तथा फरीदाबाद जिले में दिल्ली - मथुरा रोड क्रॉसिंग से मुजेसर तक दिल्ली- मथुरा रेलवे लाइन पर एल.सी. संख्या 576 पर आर.यू.बी. के निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं पर लगभग 109 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

### शर्मनाक...! टॉयलेट ...

जो गले में ब्लूटूथ ईयरफोन लगाए दिख रहा है। वह कुछ दूरी पर फोन रखे हुए देख रहा है। वीडियो में दिख रहे फ्लश से पता चलता है कि वह टॉयलेट सीट पर बैठा है। यह शख्स एफआईआर रद्द कराने के लिए दायर की गई एक याचिका में एक प्रतिवादी के रूप में पेश हुआ था। वह क्रिमिनल केस में शिकायतकर्ता था। दोनों पक्षों में समझौते के बाद अदालत ने एफआईआर रद्द कर दी गई थी।

**दूसरी बार ऐसा मामला :** यह पहली बार नहीं है जब ऐसा हुआ है। यह दूसरा मामला है इससे पहले अप्रैल में भी ऐसी घटना सामने आई थी। तब भी अप्रैल में एक शख्स गुजरात हाई कोर्ट की सुनवाई के दौरान कैमरे पर सिगरेट पीता दिखा था। अदालत ने उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था।

### किरेन रिजिजू को महाराष्ट्र...

नियुक्ति हो चुकी है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे कई महत्वपूर्ण राज्यों में यह महत्वपूर्ण नियुक्ति लंबित है।

### साइबर उगाही गिरोह...

अभियान शुरू हुआ था।

**अमेरिका ने 'रॉयल टाइगर गैंग' के रूप में चिह्नित किया था :** सीबीआई ने बताया कि प्रिंस जशवंतलाल आनंद ने एक सुव्यवस्थित धोखाधड़ी तंत्र स्थापित किया था, जिसमें दूरसंचार बुनियादी ढांचा, स्क्रिप्टेड धोखाधड़ी संवाद, और कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समान जाली पहचान पत्र शामिल थे। संयुक्त राज्य अमेरिका की फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन (एफसीसी) ने पहले इस गिरोह को 'रॉयल टाइगर गैंग' के रूप में चिह्नित किया था, जो एक प्रमुख उपभोक्ता संचार सूचना सेवा खतरा है।

**सीबीआई पूछताछ कर रही :** एफसीसी के अनुसार, यह गिरोह सरकारी एजेंसियों, बैंकों और उपयोगिता सेवा प्रदाताओं की पहचान का दुरुपयोग कर अवैध रोबोकॉल उत्पन्न करता था, जिसका उद्देश्य अमेरिकी उपभोक्ताओं को ठगना और धोखा देना था। सीबीआई ने आनंद को चार दिन की हिरासत में लिया है, और आगे की पूछताछ जारी है। सीबीआई ने अपने बयान में कहा, 'हम साइबर-सक्षम वित्तीय अपराधों से निपटने और अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय में ऐसी आपराधिक संरचनाओं को ध्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' यह कार्रवाई साइबर उगाही और डिजिटल धोखाधड़ी की बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच की गई है, जो सीमा-पार कानूनी खामियों का फायदा उठाती हैं।

## 500 और 200 के नकली नोटों से ठगी

# गाजियाबाद का सिपाही निकला सरगना, पुलिस ने किए 4 काबू



एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ में मवाना थाना पुलिस और स्वाट टीम ने नकली करेंसी से ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह का सरगना इमरान नाम का व्यक्ति निकला, जो गाजियाबाद पुलिस में सिपाही है। पुलिस ने गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन अभी फरार हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने ठगों के पास से 500 रुपए के नोट की 18 गड्डियां बरामद कीं। हर गड्डी के ऊपर और नीचे असली नोट लगे थे, जबकि अंदर सभी नोट नकली थे। इसी तरह 200 रुपए के नोट की 19 गड्डियां मिली हैं, जिनमें भी केवल ऊपरी और निचले नोट ही असली थे।

इसके अलावा पुलिस ने इनके पास से एक ब्रेज़ा कार, एक तमंचा, एक ज़िंदा कारतूस और एक पिस्टल जैसा लाइटर भी जब्त किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह नकली करेंसी से लोगों को झांसे में लेकर ठगी करता था और उनसे बड़ी रकम वसूलता था।

गिरोह के जिन तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, उनसे पूछताछ जारी है। वहीं तीन फरार सदस्यों की तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह का नेटवर्क अन्य जिलों में भी फैला हो सकता है, जिसे लेकर विस्तृत जांच की जा रही है।

# रात्रि प्रवास के दौरान सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



- टीम मैजिक बस ने प्रशासन के कार्यक्रम में भाग लिया

**गुरुग्राम।** टीम मैजिक बस ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रात्रि प्रवास कार्यक्रम में भाग लिया, जो जीजीएसएसएस घमरोज सोहना में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में उपायुक्त अजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, साथ ही एडीसी, बीईओ, डीडीपीओ, बीडीपीओ कार्यालय एवं कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान गांववासियों की समस्याएं, अनुरोध और शिकायतें सुनीं। कार्यक्रम की शुरुआत में उपायुक्त महोदय ने सभा को संबोधित किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। विशेष रूप से, मैजिक बस के स्टॉल पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया और जीवन कौशल शिक्षा के क्षेत्र में मैजिक बस के सहयोग और कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इसकी खूब सराहना की। इस अवसर पर मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की टीम से अंकित, शब्बीर अहमद, कविता, शुभम, शिवम, अरूण और विकास उपस्थित रहे।

बिहार में मोहर्रम के जुलूस में हादसा

# हाई टेंशन तार की चपेट में आने से 12 लोग झुलसे, 5 की हालत नाजुक

एजेंसी ▶▶ सासाराम

जिले में मोहर्रम के जुलूस के दौरान बड़ा हादसा हो गया। जब रोहतास थाना क्षेत्र के निमिया टिकारी के पास मोहर्रम के मातमी जुलूस के दौरान हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक दर्जन से अधिक युवक झुलस गए। जिसमें पांच युवकों की हालत नाजुक बताई जा रही है।सभी घायलों को सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों में इस्माइल खान 20 वर्षीय पिता पीकू खान, अफजल खान 18 वर्षीय पिता हाकिम खान की हालत नाजुक बताई है।

### बिजली विभाग की सबसे बड़ी लापरवाही

वहीं दारानगर के आजम खान, हसन रजा, नमीर खान भी गंभीर रूप से घायल है। अन्य युवकों को हल्की फुल्की चोट आई है। घटना के बाद उग्र लोगों ने डेहरी रोहतास मुख्य पथ को जाम कर सड़क पर आगजनी की है।



उग्र लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की सबसे बड़ी लापरवाही है। पूर्व में ही जुलूस की सूचना विभाग के लोगों दे दी गई थी। उसके बाद भी विद्युत आपूर्ति सेवा बहाल रही।

### एफआईआर की मांग पर अड़े

बिजली विभाग के अधिकारियों पर एफआईआर की मांग पर अड़े हुए है। घटना के बाद रोहतास बाजार सभी दुकानों को बंद कर दिया गया है। रोहतास नगर पंचायत को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंची है।

चिंतन

# संविधान में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष तत्व पहले से ही

संविधान की प्रस्तावना में वर्ष 1976 में आपातकाल के दौरान 42वें संशोधन के जरिये जोड़े गए शब्द 'समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष' को लेकर एक बार फिर से बहस गर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने एक बार फिर से संघ राग छेड़ा है कि चूंकि आपातकाल के दौरान संविधान संशोधन के जरिये समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े गए हैं, इसलिए मूल प्रस्तावना में ये शब्द प्रासंगिक हैं या नहीं, इस पर सार्वजनिक बहस होनी चाहिए। इसके बाद से देश में विपक्ष की ओर से सियासत तेज है और कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दल के नेता संघ पर हमलावर हैं। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन संविधान की मूल प्रस्तावना से समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने को लेकर बार-बार मांग के पीछे की सोच भारतीय दृष्टिकोण की द्योतक नहीं है, वर्ष 2025 में ऐसी बहस ही प्रासंगिक नहीं है। भारत संस्कृति और प्रकृति से समावेशी और समाजवादी है। भारतीय सनातन चिंतन में गहरे रूप से समाजवाद की अवधारणा सभी एक समान हैं, सर्वे भवन्तु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम् के रूप में निहित है। संविधान के मूल अधिकारों में सबके समान अधिकारों, सामाजिक व आर्थिक समानता व जनकल्याण की बात वर्णित हैं। संविधान में जोड़े गए शब्द समाजवादी का तात्पर्य उस समय राष्ट्रीयकरण अथवा साम्यवाद से नहीं था। संविधान वास्तव में कल्याणकारी राज्य के प्रति राज्य (देश) की प्रतिबद्धता और समान अवसर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यही बात समाजवादी शब्द के भाव में भी निरूपित है। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष शब्द तो संविधान की आत्मा में पहले से ही है। इसको संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 में देश के सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता, पूजा अर्चना और धर्म के पालन की स्वाधीनता के जरिए व्यक्त किया गया है। प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द को जोड़ कर इस विचारधारा को मजबूत किया गया था। भारत कभी धर्मप्रधान देश रहा ही नहीं है, समावेशी संस्कृति प्रधान देश रहा है। सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि हिंदुत्व जीवनशैली है और इसकी मूल प्रकृति समाजवादी व धर्मनिरपेक्षता ही है। केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य और एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धर्मनिरपेक्षता वास्तव में संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। डा. भीमराव आंबेडकर लिखित संविधान के दर्शन में पहले से ही समाजवादी और धर्मनिरपेक्षता का स्पष्ट उल्लेख हुए बिना न्याय, समानता, स्वाधीनता और भाईचारे का विचार निहित है। इन दोनों शब्द के जुड़ने के बाद से संविधान की भावना के दुरूपयोग की संभावना खत्म हो जाती है। आपातकाल में यह शब्द जोड़े गए, केवल इसी आधार पर इस पर सार्वजनिक बहस की मांग का कोई औचित्य नहीं है। आपातकाल देश के लिए काला दिन था और वह हमेशा रहेगा। राष्ट्र दुबारा ऐसी स्थिति में न पहुंचे, इसलिए इसे याद रखना जरूरी है। वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने संबंधी याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि लगभग 44 वर्षों के बाद इस संविधान संशोधन को चुनौती देने का कोई वैध कारण या औचित्य नहीं है। इन दोनों शब्दों ने देश में व्यापक स्वीकृति प्राप्त कर ली है और इनके अर्थ हम भारत के लोग बिना किसी संदेह के समझते हैं। अनुच्छेद 368 संविधान में संशोधन की अनुमति देता है; संशोधन की शक्ति संसद के पास है, इसलिए हमें किसी भी तरह के संशोधन को संसद के विवेक पर छोड़ देना चाहिए।

सियासत

बाल मुकुन्द ओझा



# देश में तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट शुरू

देश में तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट एक बार फिर शुरू हो गई है। गैर कांग्रेस और गैर भाजपा मोर्चे की पैरवी करते हुए कुछ नेताओं को तीसरे मोर्चे की याद सताने लगी है। विशेषकर आम आदमी पार्टी, नगीना से सांसद चंद्रशेखर रावण की आज़ाद समाज पार्टी, स्वामी प्रसाद मौर्य का लोक मोर्चा और इंडियन नेशनल लोकदल जैसी राजनीतिक पार्टियों ने मौजूदा स्थितियों में तीसरे मोर्चे की वकालत की है। आम आदमी पार्टी ने इंडिया ब्लॉक से अलग होकर तीसरे मोर्चे की पहल की है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने तीसरे मोर्चे के गठन की जरूरत के संकेत दिए हैं। आतिशी ने हाल ही में बयान दिया कि विपक्ष को अब कांग्रेस से हटकर विकल्प तलाशने की जरूरत है। इस बयान ने विपक्ष के भीतर तीसरे मोर्चे की संभावना को नया बल दे दिया है। एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी बनाकर चल रही निर्गुट पार्टियां अपना वजूद बनाये रखने के लिए जी-तोड़ प्रयास में जुटी हैं। कुछ क्षेत्रीय क्षत्रप भी तीसरे मोर्चे के गठन में अपनी रुचि दिखा रहे है। देश में वर्तमान में एनडीए और इंडिया नाम से दो सियासी मोर्चे वजूद में हैं। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सत्तारूढ़ है। जहां तक राज्यों की बात है, उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में जहां एनडीए सत्ता पर काबिज है वहीं दक्षिण के राज्यों में इंडिया गठबंधन सत्तारूढ़ है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, असम, त्रिपुरा, आंध्रा और दिल्ली आदि राज्यों में एनडीए या यूं कहे भगवा दल का परचम फहरा रहा है। इंडिया गठबंधन की बात करें तो कर्नाटक, हिमाचल, तेलंगाना, तमिलनाडू, केरल, बंगाल में इंडिया काबिज है। हालांकि इंडिया में रहने के बावजूद बंगाल में टीएमसी और केरल में कम्युनिष्ट अपने बलबूते पर राज कर रहे हैं। पंजाब में राज करने वाली आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से अलग होकर अब तीसरे मोर्चे की कवायद कर रही है। देश में बहुत सी ऐसी पार्टियां भी हैं जो दोनों प्रमुख मोर्चों में शामिल नहीं होकर स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं। ये पार्टियां अपने-अपने राज्यों में सत्तारूढ़ रह चुकी है और अब स्वतंत्र रूप से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रही हैं। इनमें यूपी में बहुजन समाज पार्टी, पंजाब में अकाली दल, हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल, आंध्रा में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी, राजस्थान में हनुमान बेनीवाल की रालोपा, तेलंगाना में केसीआर की पार्टी, उड़ीसा में बीजू जनता दल शामिल हैं। इन्हें हम निर्गुट पार्टियां भी कह सकते हैं। एक बहुजन समाज पार्टी है जिसने अकेले चलो का नारा बुलंद किया है, मगर तीसरा मोर्चा बनाने की कोई पहल नहीं की है। तेलंगाना में सत्ता गंवाने वाली क्षेत्रीय पार्टी बीआरएस के नेता के.चंद्रशेखर राव ने कभी तीसरा मोर्चा बनाने की वकालत जोर-शोर से की थी, मगर करारी हार के बाद वे भी अब अलग-थलग पड़े हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी बनाकर चल रही निर्गुट पार्टियां अपना वजूद बनाये रखने के लिए प्रयासरत हैं। निर्गुट पार्टियों में से एक बसपा सुप्रीमो मायावती का कहना है कि सियासी पार्टियां उनकी पार्टी के बारे में कोई बेवजह बयानबाजी न करें। पता नहीं भविष्य में कब किसको किसी की जरूरत पड़ जाये, तब उन्हें किसी शर्मिंदगी का सामना नहीं करना पड़े। देश की लगभग 62 राजनीतिक पार्टियों ने दोनों गठबंधनों में शिरकत की है। इनमें 26 पार्टियां इंडिया और 36 पार्टियां एनडीए के झंडे के नीचे हैं। देश में एनडीए और इंडिया गठबंधन के अलावा एक दर्जन ऐसी पार्टियां हैं जिनका लगभग एक सौ लोकसभा सीटों पर खासा दबदबा है। ये पार्टिया किसी गुट विशेष में नहीं हैं और स्वयं की अलग पहचान बनाये हुए हैं। उड़ीसा में बीजू जनता दल, आंध्रा में वाईएसआर कांग्रेस और तेलंगाना में बीआरएस विधान सभा चुनाव हारकर सत्ताच्युत हो चुकी है। निर्गुट पार्टियां किसी गठबंधन में नहीं है मगर अपने अपने राज्य में इनका दबदबा है। विशेष रूप से उड़ीसा, आंध्र और तेलंगाना की पार्टियां इनमें शामिल है। अन्य प्रदेशों की निर्गुट पार्टिया भी कभी न कभी सत्ता पर काबिज रही है। अकाली दल और इनेलो के नेता मुख्यमंत्री के पद पर रहे है। इनमें कई पार्टिया कभी एनडीए की सहयोगी रही है। हाल ही पंजाब और गुजरात में विधानसभा उप चुनाव जीतने के बाद उसका हौसला बुलंद है। आप, ईनेलो, टीएमसी, बीजू जनता दल, केसीआर और जगन रेड्डी की पार्टियां, वामपंथी पार्टियां,अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी को मिलाकर तीसरा मोर्चा बनाया जा सकता है। आप नेता अरविन्द केजरीवाल प्रयास करें तो तीसरा मोर्चा वजूद में आ सकता है। उन्हीं की पार्टी की नेता आतिशी ने इसके संकेत भी दे दिए हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# भारत में सहकारिता का अमृतकाल

सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का अहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। अमित शाह का यह स्वप्न लम्बे समय से था कि हम भारत में सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं। सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है।

भारत का यह अमृतकाल है। इस काल की अर्जित उपलब्धियां आने वाले समय में भारतीय जनता को गर्व से भर देंगी। अमृत काल जीवंत भारत हेतु सहकार से समृद्धि की यात्रा है। भारत में सहकारिता आंदोलन आज़ादी से भी पहले जारी था। ऐसा मानते हैं कि यह सहकारिता आन्दोलन सवा सौ साल पुराना है। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद इसका विशेष मंत्रालय बना, जिसका मुख्य जनादेश 'सहयोग से समृद्धि' की दृष्टि को साकार करना है।

देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना है। जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच को विस्तारित करना है। सहकारिता आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देना है और साथ-साथ उपयुक्त नीति, कानूनी और संस्थागत निर्माण करना है। सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का अहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। मंत्री अमित शाह का यह स्वप्न बहुत लम्बे समय से था कि हम भारत में एक बार सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं। सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। इसीलिए हम देखते हैं कि सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है। यथा खुली और स्वैच्छिक सदस्यता का इसमें भरपूर प्रावधान है। लोकतांत्रिक सदस्य नियंत्रण के साथ सदस्यों की आर्थिक भागीदारी उनकी स्वायत्तता और स्वतंत्रता को स्थापित करके चल रहा है। व्यापक शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना पर बल देने की प्रतिबद्धता है। सहकारिता समितियों के बीच सहयोग और समुदाय के लिए चिंता भी इसके सैद्धांतिक पहलू हैं।

अब जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के पंच प्रण को जनमानस में रखा है, तब से सहकारिता के स्वरूप में और सघन विकसित भारतोन्नति को सहयोग मिल रहा है। 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए अमृत काल आह्वान के पंच प्रण कुछ इस प्रकार थे- विकसित भारत का लक्ष्य, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटा दें। अपनी जड़ों पर गर्व करें। एकता यानी राष्ट्रीय एकीकरण की भावना और नागरिकों में कर्तव्य की भावना। यह वे प्रण हैं जिससे सच में भारत की छवि बदली जा सकती है। सहकारिता के लिए यह सब सूत्र हैं क्योंकि पंच प्रण से सबके साथ विकास व समृद्धि की नई परिभाषा रची जा सकती है और सबके आत्म गौरव को सुरक्षित व संरक्षित किया जा सकता है। विश्व स्तर पर सहकारिता के विविध प्रयत्न पर भारत के सहकारिता मंत्री अमित शाह की नज़र रहती है। वह चाहते हैं कि भारतीय नागरिक चाहे वह गरीब हो, दलित हों, दमित हों, महिलाएं हों या दिव्यांगजन हों, सबको सहकारिता का लाभ मिले। सहकारिता की भावना से सभी आगे बढ़ें। सहकारिता से सभी एक दूसरे के लिए कार्य करें क्योंकि अमित शाह की दृष्टि में परमार्थ का कार्य ही तो सहकारिता का कार्य है। एक-दूसरे का




सहयोग ही तो परमार्थ का कार्य है। सहकारिता का कार्य है। यह वर्ष अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम का अभिभाषण स्मरण आ रहा है। इस अभिभाषण में अमित शाह ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान सहकारिता के विस्तार, इस क्षेत्र में शुचिता लाने, सहकारी संस्थाओं को समृद्ध बनाने, कई नए क्षेत्रों में सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और भारत के हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार से सहकारिता से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ने के प्रयास किए जाएंगे। यह एक बड़ी संकल्पना है कि भारत की 140 करोड़ वाली आबादी सहकारिता से जुड़े। सहकारिता को समझे। सहकारिता आन्दोलन में सम्मिलित हो। अमृतकाल में सहकारिता का अमृत-समय का हस्ताक्षर पूरे विश्व में भारत की ओर से अंकित करे। वस्तुतः आत्मनिर्भरता की दिशा में यह कार्य है। अमित शाह यह जानते हैं कि अमृत काल की अगर सबसे सुंदर व्याख्या कुछ है तो वह सहकारिता। सहकारिता के बगैर किसान आत्मनिर्भर नहीं बन सकेगा। समृद्ध नहीं बन सकेगा। नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के नारे को यदि जमीनी स्तर पर देखना है तो इसके लिए बड़े पैमाने पर आमजन को सहकारिता से जोड़ने की आवश्यकता है। यदि अमृत काल में भारत के 2047 के संकल्प को भी चरितार्थ करना है तो सहकारिता से किया जा सकता है। इसे एक विकसित भारत का मॉडल तैयार करने की कोशिश के रूप में हम समझ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन-आईसीए की स्थापना 1895 में हुई थी। यह सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष निकाय है। यह विश्व की सहकारी संस्थाओं को एकीकृत करता है और उनका प्रतिनिधित्व व देखरेख करता है। आईसीए सहकारी समितियों के लिए और उनके बारे में ज्ञान, विशेषज्ञता और समन्वित कार्रवाई के लिए एक वैश्विक आवाज़ और मंच प्रदान करने वाला संगठन है। सभी को यह ज्ञात है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। आधुनिक सहकारी आंदोलन की जन्मस्थली 'रॉचडेल म्यूज़ियम' में अंतरराष्ट्रीय सहकारी संगठन-आईसीए की सहकारी सांस्कृतिक विरासत कार्य समूह की बैठक होने वाली है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 विशेष सेलीब्रेशन के ही तहत यह समूह 25 ऐतिहासिक सहकारी स्थलों का डिजिटल वर्ल्ड मैप लॉन्च करने की योजना बना चुका है। यह संगठन सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों की पहचान के लिए वैश्विक दिशा-निर्देश तैयार करने वाला है। खास बात यह है कि इस परियोजना का उद्देश्य सहकारी आंदोलन के महान अग्रदूतों, परिवर्तनकारियों व समर्पित लोगों की विरासत को उजागर करना और उस परंपरा को सम्मान देना है जिसने इस वैश्विक आंदोलन को जन्म दिया। अमित शाह की योजना है कि देश के सहकारिता आंदोलन को इस महान प्रदर्शनी में सम्मिलित किया जाए और भारतीय सहकारिता की दुंदुभी पूरे विश्व में बजे। देखा जाए तो सहकारिता की भारतीय यात्रा को उनकी सोच से अब प्रतिबिंबित करना ज़रूरी है क्योंकि अमित शाह के इरादे बहुत नेक हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से और विभिन्न आयोजनों में इस बात पर जोर दिया कि सहकारिता आंदोलन की चर्चा इसकी विफलताओं तक सीमित नहीं रह सकती। इफको, कृभको, अमूल और नैफेड जैसी संस्थाओं ने सफलता की कई कहानियां गढ़ी हैं। देशभर के किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाएं ही इस आंदोलन की असली रीढ़ हैं। सहकार से समृद्धि की इस बहुद्देशीय उल्लेखनीय उपलब्धि का देश को बहुत लाभ मिलने वाला है।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# बुढ़ापा को बनाएं सार्थक



संकलित

दर्शन

जीवन का संध्याकाल यानी, बुढ़ापा अधिकतर लोगों के लिए दुखदायी होता है। मानव जीवन का यह पड़ाव बहुत मुश्किलों भरा और चुनौतीपूर्ण बन जाता है। हर इंसान को इसे भोगना पड़ता ही है। बेहतर है हम अपने जीवन को अभी से बेहतर बनाएं तभी बुढ़ापे को सार्थक बना पाएंगे। लेकिन आमतौर पर ऐसा होता नहीं है। आप घड़ी के तीन कांटे देखना, सेकंड का कांटा बचपन का प्रतीक है जो बहुत तेज भागता है। मिनट का कांटा जवानी का प्रतीक है जो बचपन से थोडा धीरे चलता है लेकिन काम करता दिखता है। घंटे का कांटा बुढ़ापे का प्रतीक है जो चलता हुआ दिखता तो नहीं, लेकिन फिर भी चलता है। बचपन और जवानी तो जल्दी भागती है बुढ़ापा धीरे धीरे खिसकता है। जवानी को लाख बचाना चाहो पर वह बचती नहीं, लाख दवाएं खा लो कि, बबुढ़ापा ना आए लेकिन बुढ़ापा तो आता ही है। सफेद बाल काले कर सकते हो फिर भी बुढापा नहीं रुकता। प्लास्टिक सर्जरी भी करा लो तो भी बुढ़ापा निश्चित आएगा। परिवार में सुखी रहना है तो बुढ़ापे में बहू और बेटों के बीच ज्यादा हस्तक्षेप मत करो। ज्यादा हस्तक्षेप करने से परिवार के लोग टूटने लगते हैं और मन भी अशांत होने लगता है। बुढ़ापा यदि सुख से गुजारना है तो अपने घर को अपना घर न समझकर पड़ोसी का घर समझो। जो व्यवहार अपने पड़ोसी से करते हैं वही अपने बेटे-बहू से करो, समय पर भोजन मिले चुपचाप भोजन कर लो, बाकी समय हरि का भजन करो।

# पूजा-अर्चना और ईश्वर शरणागति



संकलित

प्रेरणा

बेशक मूर्तिपूजा का अपना महत्व है। लेकिन चित्रकारों ने कल्पना करके भगवान का जो चित्र बनाया और उस चित्र पर से चित्र लेकर जो फोटो छपे और हमारे घर आये, क्या केवल उस फोटो के पैर पकड़ के बैठना भगवान की शरण है? बिना किसी भावना के अपने स्वार्थ के लिए या केवल दिखावे के लिए, पूजा-अर्चना का कोई अर्थ है। हमें चिंतन करना चाहिए कि भगवान की किसी धातु से अथवा पत्थर से बनी हुई मूर्ति अथवा यरूसलेम में रखे हुए उस पत्थर को पकड़ के आलिंगन करके बैठना खुदा की शरण है क्या, भगवान की शरण है क्या? अगर मूर्ति के पैर पकड़ के बैठना या श्रीविग्रह के पैर पकड़ के बैठना ही भगवान की शरण है तो पकड़ ले पैर, छुट्टी हो जाय, कल्याण हो जाय। कई महान संत एकांत में अंतर्यामी ईश्वर से वार्ता, ईश्वर-चिंतन, ईश्वर-पुकार करते-करते शांत हो गये तो उन संत को मानो उस सच्चिदानंद ने, उस परमेश्वर ने, उस गुरुतत्त्व ने, जिसमें उनकी स्थिति हुई, यह स्फुरना दिया कि एक संकल्प उठता है और दूसरा उठने को है, इसके बीच की जो संकल्परहित स्थिति है, वह सच्चिदानंद है। उस सच्चिदानंद में विश्रांति करना ईश्वर की शरण है। सुख और दुःख चले जाते हैं फिर भी जो नहीं जाता, उसमें स्थिति करना- यह ईश्वर की शरण है। अनुकूलता में हर्ष होता है और प्रतिकूलता में शोक होता है। हर्ष-शोक, राग और द्वेष मति के धर्म होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिंदी किसी भी भाषा की विरोधी नहीं

हिंदी भाषा में भारतीय संस्कृति एवं परम्परा की झलक मिलती है। हिंदी का विरोध समय समय हुआ ही है। देश के विभाजन के बाद देश की मुख्य समस्या राष्ट्र की भाषा के लिए वाद-विवाद हुए। अंततः हिंदी को राष्ट्र भाषा घोषित की गई। हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा हिंदी के खिलाफ दिए गए बयान पर गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब देते हुए कहा कि भारतीय भाषा देश को तोड़ने का नही,बल्कि जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की चेतना एवं अपनी संस्कृति की और आगे बढ़ने के लिए सरकार का संचालन मातृभाषा में ही करना चाहिए। हिंदी केवल भारत मे ही नही कई देशों में बोली जाती है। भारतीय हिंदी भाषी हर भाषा का का सम्मान करता है। देश मे अनेक भाषा बोली जाती है। और समझी भी जाती है लेकिन किसी भी राज्य की भाषा को किसी को ऐतराज नहीं है। *–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### सोशल मीडिया को जवाबदेह ठहराने के फैसले से सहमति



ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया कंपनियों को उनके उपयोगकर्ताओं द्वारा की गईं पोस्ट के लिए उत्तरदायी ठहराने के निर्णय से संबंधित विवरण पर बृहस्पतिवार को सहमति जताई, जिसके साथ ही अगले कुछ सप्ताह में फैसले को लागू करने का रास्ता साफ हो गया। ब्राजील की शीर्ष अदालत में 8-3 के मत से पारित आदेश में गूगल, मेटा और टिकटॉक जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों को घृणास्पद भाषण, नस्लवाद और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर सक्रिय रूप से निगरानी रखने और उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस मामले से ब्राजील और अमेरिकी सरकार के बीच संबंध अस्थिर हो गए हैं। फैसले के आलोचकों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर प्लेटफार्म पहले से ही ऐसी सामग्री हटा देते हैं तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में पड़ सकती है। बृहस्पतिवार को न्यायालय द्वारा निर्णय प्रकाशित किए जाने के बाद, लोग गैर-कानूनी सामग्री डालने और पीड़ित द्वारा ध्यान में लाए जाने के बाद भी उसे हटाने से इनकार करने पर सोशल मीडिया कंपनियों पर मुकदमा कर सकेंगे। न्यायालय ने इस बारे में कोई ठोस नियम नहीं बनाए कि कौन सी सामग्री अवैध है।

## ऑफ बीट

### ममदानी की जीत से न्यूयॉर्क की राजनीति में आया भूचाल



न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है। 'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर लंबे समय से नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। श्रीनिवासन ने कहा, "यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोगों का ध्यान खींच रहा है।

## ट्रेंड

### भारत करेगा मेजबानी



यह प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि भारत को प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों के लिए मेजबान देश के रूप में नामित किया गया है। अहमदाबाद आयोजन स्थल रहेगा।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### जय जगन्नाथ



श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। महाप्रभु जगन्नाथ सभी को सुख, अच्छा स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि प्रदान करें। सभी भक्तों को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा की शुभकामनाएं। जय जगन्नाथ !

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### अशोक गहलोत की राजनीति



अशोक गहलोत अपने पुत्र का राजनीतिक करियर बनाने के लिए संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी प्रकरण में मेरा नाम घसीटकर मुझे कलंकित करने के प्रयास में बुरी तरह असफल रहे हैं। इससे स्वयं उनकी राजनीति पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री**

### विशेष 'सेवा-पथ'



लोककल्याण की भावना ही सनातन धर्म की आत्मा है और यही भावना आज पुरी की पवित्र रथयात्रा में फिर प्रकट हुई। रथ यात्रा के दौरान आरएसएस के स्वयंसेवकों ने एम्बुलेंस के लिए विशेष 'सेवा-पथ' बनाया है।

**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## अहमदाबाद में श्री जगन्नाथ की रथयात्रा शुरू

# पहली बार गार्ड ऑफ ऑनर, मंगला आरती में शाह भी पहुंचे

### सीएम पटेल ने रथयात्रा की शुरुआत की, रथ के सामने सोने की झाड़ू लगाई

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भगवान श्री जगन्नाथ की 148वीं रथयात्रा पारंपरिक उल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ शुरू हो चुकी है। इस खास मौके पर केंद्रीय



गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीजगन्नाथ मंदिर में मंगला आरती में परिवार समेत हिस्सा लिया और महाप्रभु के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रथयात्रा की विधिवत शुरुआत की और पारंपरिक पाहिंद विधि का पालन करते हुए भगवान के रथ के सामने सोने की झाड़ू लगाकर यात्रा का शुभारंभ किया।भगवान जगन्नाथ को अहमदाबाद में ओडिशा के पुरी की तरह 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। यह पहली बार किया गया है।

### यह दिव्य और अलौकिक अनुभव रहा



शाह ने मंगला आरती के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि रथयात्रा के पावन अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर, अहमदाबाद की मंगला आरती में शामिल होना अपने आप में दिव्य और अलौकिक अनुभव होता है। महाप्रभु सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। इसके पहले शाह ने देशवासियों को श्री जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर शुभकामनाएं दीं।'एक्स' पर लिखा, जय जगन्नाथ! सभी को श्री जगन्नाथ रथयात्रा के पावन उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं। श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा आस्था और विश्वास का अनूठा संगम है, जो बताती है कि भक्ति, संस्कृति और विरासत को एक साथ सहेजते हुए आगे बढ़ते रहना हमारे मूल में है।

### आज भगवान भक्त के घर पर जा रहे

फिलहाल नगर नाथ जगन्नाथ शहर के भ्रमण पर निकल चुके हैं। पूरी साल भक्त भगवान के दर पर आते हैं, लेकिन आज का दिन ऐसा होता है जब भगवान भक्त के घर पर जाते हैं। करीब 16 किलोमीटर की ये यात्रा शाम 6 बजे तक संपन्न होगी। मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ है।

### *ममता ने सोने का झाड़ू लगा रथ यात्रा की शुरुआत की*

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने दीघा के समुद्र तटीय नगर में



नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाले पहले रथ यात्रा की शुरुआत की। 'जय जगन्नाथ' के जयघोष के बीच विदेशियों समेत हजारों श्रद्धालुओं के साथ भगवान जगन्नाथ और बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों की रस्सियां खींचीं। श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मुख्य मंदिर से निकलने वाली 750 मीटर लंबी रथयात्रा के दौरान रथों की रस्सियों को वहां लगाए अवरोधकों के पीछे से छू सकते हैं। उन्होंने सोने की झाड़ू लगाकर शुरुआत की।

---

कांग्रेस का सवाल मोदी सरकार आंख मूंदे हुए क्यों?

# रोजगार की तलाश में विदेश गए भारतीयों को रूस द्वारा युद्ध में भेजने व उनके लापता होने का मुद्दा उठाया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने रोजगार की तलाश में विदेश गए भारतीय युवाओं को रूस द्वारा जबरन युद्ध में भेजे जाने और उनके लापता होने का मुद्दा उठाते हुए मोदी सरकार से उन्हें सुरक्षित वापस लाने की मांग की है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने रूस से लापता हुए पंजाब निवासी मंदीप और उत्तर प्रदेश निवासी योगेंद्र यादव के परिजनों के साथ पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि मोदी सरकार इस गंभीर मुद्दे पर आंखें मूंदे हुए है। उन्होंने बताया कि रूस में लापता हुए 14 भारतीय नागरिकों में से नौ उत्तर प्रदेश, तीन पंजाब, और एक-एक महाराष्ट्र व जम्मू-कश्मीर से हैं।

### 126 युवाओं को धोखे से रूस ले गए थे

अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा कि दिसंबर 2023 में करीब 126 भारतीय युवा एजेंटों के माध्यम से काम की तलाश में विदेश गए थे। वे सिंगापुर, मलेशिया या इटली जाना चाहते थे, लेकिन धोखे से उन्हें रूस के मॉस्को ले जाया गया। वहां रूस की सरकार ने उन्हें सेना में भर्ती कर लिया। इन युवाओं को सिर्फ 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद मशीन गन पकड़ा दी गई। उन्होंने बताया कि पैर में दिक्कत होने के बावजूद मंदीप कुमार को भी जबरदस्ती सेना में भर्ती किया गया। युद्ध में घायल होकर रूस से लौटे लोगों ने बताया कि मंदीप को स्नाइपर की भूमिका सौंपी गई थी और ठीक से ट्रेनिंग न कर पाने पर उसे मारा जाता था।

### मोदी सरकार से पूछे सवाल

अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने सवाल उठाया कि क्या मोदी सरकार रूस से यह पूछेगी कि बिना अनुमति के भारतीय युवाओं को वहां की सेना में भर्ती क्यों किया गया? क्या सरकार ने अब तक इन युवाओं को वापस लाने का कोई प्रयास किया है? क्या सरकार ने उन एजेंटों के खिलाफ कोई कार्रवाई की है, जो युवाओं को धोखे से रूस भेज रहे हैं?

### 14 लापता को वापस लाएं

राजा वडिंग ने केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। अगर उन्होंने अपना वादा निभाया होता तो युवाओं को रोजगार की तलाश में विदेश नहीं जाना पड़ता। उन्होंने मोदी सरकार से मांग की कि विदेश मंत्रालय रूस सरकार से बात कर इन 14 लापता भारतीयों के बारे में जानकारी दे या उन्हें सुरक्षित वापस लाएं।

### डेढ़ साल से ढूंढ रहे, मदद नहीं मिली

वहीं मंदीप के भाई जगदीप ने भावुक होकर बताया कि पिछले डेढ़ साल से वे अपने भाई को ढूंढने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने रूस की यात्रा भी की, लेकिन भारतीय दूतावास से कोई मदद नहीं मिली। विदेश मंत्रालय से उन्हें केवल आश्वासन मिलता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मोदी सरकार रूस से जेट और हथियार खरीद सकती है, तो क्या वह वहां फंसे अपने नागरिकों के बारे में जानकारी प्राप्त नहीं कर सकती?

### परिवार के लोग परेशान

योगेंद्र यादव की बहन खुशबू ने भी अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि उनके माता-पिता और भाभी बेहद परेशान हैं। उन्हें यह तक नहीं पता कि उनका भाई जीवित भी है या नहीं। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह उनके भाई सहित रूस में लापता सभी भारतीयों की तलाश में पूरी मदद करे।

---

## खबर संक्षेप

### हाईवे पर खड़े लोगों को टैंकर ने रौंदा, 3 की मौत

**शाहजहांपुर।** यहां के मीरानपुर कटरा क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार रात



टैंकर की टक्कर लगने से 3लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2लोग बाराबंकी जिले और एक रामपुर का रहने वाला था। हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं। फीलनगर के पास कार सवार 5 लोग बाइक सवार 2 लोग से सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे थे।

### विधायक कश्मीर सिंह सोहल का निधन

**तरन तारन।** पंजाब की तरन तारन विधानसभा सीट के विधायक कश्मीर सिंह सोहल का निधन हो गया है। वे कैंसर से पीड़ित थे और अमृतसर के ही एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। गंभीर बीमारी से लंबी लड़ाई के बाद शुक्रवार को जिंदगी की जंग हार गए। उनका 66 की उम्र में निधन हुआ है। हाल ही में आप ने लुधियाना पश्चिम सीट जीती थी।

### आसाराम की जमानत 7 जुलाई तक बढ़ी

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने रेप केस मामले में आसाराम की अस्थायी जमानत को 7 जुलाई तक बढ़ा दिया। इस मामले में वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। जस्टिस इलेश वोरा और संदीप भट्ट की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान आसाराम की अस्थायी जमानत कोबढ़ा दिया, जो 30 जून को समाप्त हो रही है।

---

## कोलकाता में दरिंदगी पर भाजपा का टीएमसी पर बड़ा आरोप

लॉ स्टूडेंट गैंगरेप के आरोपी का टीएमसी से संबंध मिला

# यहां जघन्य अपराध कम नहीं हो रहे बंगाल महिलाओं के लिए दुस्वप्न बना

### *भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख मालवीय ने ममता सरकार पर साधा निशाना*



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में लॉ की एक छात्रा से कॉलेज में गैंगरेप की घटना सामने आने के बाद अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच टकराव का एक नया दौर शुरू को गया है। भाजपा ने इस घटना में गिरफ्तार आरोपियों के टीएमसी के संबंध होने की बात कही है और पार्टी के दूसरे नंबर के नेता और सांसद अभिषेक बेनर्जी के साथ तस्वीरें भी साझा की हैं।

भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं हैं, जिनमें एक आरोपी मनोजीत मिश्रा तृणमूल नेताओं अभिषेक, स्वास्थ्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और मुख्यमंत्री की भाभी पार्षद कजरी बेनर्जी के साथ खड़ा नजर आ रहा है। मालवीय ने कहा कि आरजी कर का खौफ अभी भी कम नहीं हुआ है और फिर भी बंगाल में इस तरह के जघन्य अपराध रोजाना बढ़ रहे हैं। ममता के शासन में बंगाल महिलाओं के लिए दुःस्वप्न बन गया है।

टकराव का नया दौर हो गया शुरू



### भंडारी ने भी ममता को सुनाई

#### बेनर्जी की सरकार आरोपियों के साथ खड़ी



भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि एक बार फिर ममता बेनर्जी की सरकार आरोपियों के साथ खड़ी दिख रही है! मनोजीत मिश्रा टीएमसी सदस्य है। चाहे वह आरजी कर बलात्कार और हत्या का मामला हो, जहां ममता बनर्जी ने पीड़िता के माता-पिता को चुप कराने की कोशिश की थी या अब, जब आरोपी टीएमसी सदस्य पाया गया है।

*भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मजूमदार बोले*

### राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं

बंगाल भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि सामूहिक दुष्कर्म की ये घटना दर्शाती है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं



सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता में यह घटना पिछले साल आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद दूसरी बड़ी घटना है। आरजी कर अस्पताल की घटना के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हुए थे। मजूमदार ने आरोप लगाया कि ममता के गृह विभाग का काम संभालने के बावजूद राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद 'खराब' है। कोलकाता के एक विधि महाविद्यालय में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की कथित घटना हुई और इससे यह साबित होता है कि राज्य में शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। कालीगंज उपचुनाव के नतीजे से पहले बम विस्फोट में एक लड़की की मौत का भी जिक्र किया।

सुवेंदु ने किया विरोध प्रदर्शन का ऐलान

#### सीएम ममता को इस्तीफा दे देना चाहिए

इस घटना पर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि इस अपराध के सिलसिले में



व्यापक पैमाने पर एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ममता को अपनी कुर्सी पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी दीघा में हैं, जहां मुख्यमंत्री नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा में भाग ले रही हैं।

### एनसीडब्ल्यू ने पुलिस को समय से जांच का निर्देश दिया

इस घटना पर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने घटना को गंभीरता से लेते हुए कोलकाता पुलिस



आयुक्त को पत्र लिखा और मामले में तत्काल व समयबद्ध जांच के निर्देश दिए। संस्था ने दक्षिण कोलकाता की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर घटना पर चिंता जताई और त्वरित और समयबद्ध जांच के निर्देश दिए हैं।

#### कोलकाता के मेयर ने इसे केवल गंभीर बताया



कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने घटना को बेहद गंभीर बताया है और कहा कि वे पुलिस से पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही सार्वजनिक बयान देंगे। अभी जांच की जा रही है।

---

चौहान ने रबी के लिए कार्ययोजना पर जोर दिया

## आईआईवीआर का दौरा कर कामकाज की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने शुक्रवार को वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) के वैज्ञानिकों, कृषि से जुड़े पदाधिकारियों और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के विशेषज्ञों के साथ किसानों की आय बढ़ाने और बेहतर उत्पादन के लिए समीक्षा बैठक की।

सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने वैज्ञानिकों को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' को आगे बढ़ाने और किसानों के साथ संवाद को तीव्र गति देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कृषि की दशा ठीक करने के लिए नई वैरायटी, किसानों के इनोवेशन, उन्नत प्रौद्योगिकी और खेतों में किसानों को होने वाली समस्या को दूर करने की दिशा में कार्य करना होगा।

### प्राकृतिक खेती के लाभ किसानों तक पहुंचाएं

केंद्रीय कृषि मंत्री ने सब्जी उत्पादन बढ़ाने के लिए जीनोम एडिटिंग, बीज उपचार, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के लाभ को किसानों तक पहुंचाने और नकली खाद, अमानक बीज एवं पेस्टिसाइड जैसी समस्याओं से किसानों को निजात दिलाने के लिए कार्य-योजना बनाये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश में 16 हजार कृषि वैज्ञानिक हैं जो शोध करते हैं और उन्नत क्वॉलिटी के बीज तैयार करते हैं।



### किसानों व खेत की आवश्यकता के अनुसार करें शोध

केंद्रीय कृषि मंत्री ने टमाटर की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, सूखे पाउडर और एक्सपोर्ट को बढ़ाने वाली फसलों का विकास करने, जैविक और परंपरागत खेती से उत्पादन के वैज्ञानिक तथ्यों पर डेटा जुटाने, जीन एडिटिंग पर तेजी से कार्य करने और 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' से मिले अनुभवों के आधार पर किसान और खेत की आवश्यकता के अनुसार शोध करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने आईआईवीआर के वैज्ञानिकों से इस अभियान से प्राप्त अनुभवों पर एक ब्रेन स्टॉर्मिंग करके किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए।

### नवाचारों से उत्पादन बढ़ाने पर दें जोर

उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर देना होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने, लागत घटाने, उपज के नुकसान की भरपाई करने, उत्पादन के उचित दाम देने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का काम हो रहा है। विभिन्न विभागों, केवीके एवं राज्य के कृषि विभाग के अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल के साथ तत्परता से किसान कल्याण के प्रयास जारी है।

---

# माता परमेश्वरी देवी के निधन पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव समेत कई नेताओं ने व्यक्त किया शोक

### कल एमडीयू के टैगोर सभागार में होगी श्रद्धांजलि सभा

स्मृति



**रोहतक।** प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री, राज्य सरकार के मंत्री, पूर्व मंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा दुख प्रकट किया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव सिंधु निवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। उन्होंने दिवंगत परमेश्वरी देवी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रविवार 29 जून को एमडीयू के टेगौर सभागार में परमेश्वरी देवी जी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। उन्होंने अपने परिवार को अच्छे संस्कार दिए।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भी शोक प्रकट किया। कहा कि परमेश्वरी देवी एक आदर्श महिला थीं, जिन्होंने अपने जीवन में सेवा और संस्कारों को प्राथमिकता दी। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। एक महिला के रूप में परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया। उन्होंने अपने परिवार को देश सेवा के लिए तैयार किया, यह उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय सिंह यादव भी शोक जताने पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि मैं कैप्टन अभिमन्यु और उनके परिवार के दुख में बराबर का भागी हूं। परमेश्वरी देवी बहुत ही संस्कारी महिला थीं। जिन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के कार्यों में लगाया।

पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने माता परमेश्वरी देवी के निधन पर सिंधु भवन पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि परमेश्वरी देवी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उनके परिवार में जो मूल्यों की नींव है, वह उनके ही कारण है।

हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने भी माता परमेश्वरी देवी के निधन पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि माताजी का जीवन सादगी, सेवा और श्रद्धा का प्रतीक था। परिवार ने एक मार्गदर्शक स्तंभ खो दिया है। उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो पाएगी।

पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद ने माता परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिवार को दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा माता परमेश्वरी देवी बहुत ही संस्कारी महिला थी। उन्होंने पूरे परिवार को एक साथ संजो कर रखा। उनके संस्कारों से ही परिवार हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है।







### इन्होंने दी श्रद्धांजलि



हिसार सांसद जयप्रकाश, पूर्व सांसद स्वामी समुधानंद, पूर्व मंत्री कर्णदेव कम्बोज, पूर्व मंत्री कंवर पाल गुर्ज्जर, पूर्व विधायक पालम धर्मदेव सौलंकी, विधायक पानीपत प्रमोद विज, पूर्व विधायक छपरोली यूपी सहेंद्र रमाला, विधायक नांगल चौधरी मंजू चौधरी, पूर्व विधायक बाडढ़ा सुखविंद्र मांडी, पूर्व विधायक अमित सिहाग, पूर्व विधायक जसबीर मल्लोर, भाजपा नेता दिल्ली नंद राम बागड़ी, राष्ट्रीय सचिव बीजे वाईएन , भाजपा यूथ मोर्चा से सरदार तेजेंद्र बग्गा, पूर्व विधायक गुहला कुलवंत बाजीगर, पूर्व विधायक अरविंद खन्ना, ओएसडी टू सीएम वीरेंद्र बड़खालसा, ओएसडी टू सीएम राकेश संधू, चेयरमैन शुगर फेड़रेशन धर्मबीर डागर, सांसद सोनीपत सतपाल ब्रहमचारी, पूर्व विधायक महम बाली पहलवान, भाजपा नेता विशाल सेठ, रमेश मलिक हसनगढ़, सिरसा भाजपा नेता रोहताश जांगड़ा, गुरुग्राम से नवीन गोयल, वैश्य शिक्षण संस्थान के उप प्रधान दीपक जिंदल, भाजपा नेता भाग सिंह दमदमा, डॉ विनय, डॉ पुरषोतम, डॉ पीके शर्मा, डीजीपी हरियाणा शत्रूजीत कपूर, एडीजी हरियाणा वाई पूर्ण कुमार, एसपी रोहतक नरेंद्र बिजराणिया, सेवानिवृत एसपी द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप दहिया, पूर्व उत्तर क्षेत्र प्रचारक रामेश्वर दास, पूर्व उत्तर क्षेत्र प्रचारक आरएसएस बनबीर, प्रांत प्रचारक सुरेंद्र पाल, आरएसएस से रविंद्र सक्सेना, महामंडलेश्वर विद्या स्वरूप, प्रचारक हिंदू धर्म गुरुग्राम आचार्या अरुण कृष्ण, सैनी सभा प्रधान अवनीश सैनी, चहल खाप प्रधान बलबीर चहल, खाप प्रधान पालम सुरेंद्र सोलंकी, किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी, राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष जगदीश मित्तल, कर्नल ओपी सिंधु, कर्नल रोहित चौधरी, शहीद भगत सिंह का सुपोत्र यादवेंद्र सिंह संधू आदि पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### बीओआई बांड के जरिए 20,000 करोड़ जुटाएगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने कहा कि वह बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए चालू वित्त वर्ष के दौरान बॉन्ड के जरिये 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। बीओआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 में 20,000 करोड़ रुपये के दीर्घकालिक अवसंरचना बॉन्ड जारी करने को मंजूरी दी है।

### नियम तोड़न के लिए एयरटेल पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने असम सर्किल में ग्राहक सत्यापन नियमों के उल्लंघन के लिए भारती एयरटेल को 6.48 लाख रुपये के जुर्माने का नोटिस भेजा है। भारती एयरटेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह इसके सुधार और नोटिस की वापसी के लिए उचित कार्रवाई करेगी।

### श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए स्पेशन ट्रेन

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर-शाहपुर पटोरी, बरौनी-मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते बढ़नी और देवघर के मध्य 05028/05027 बढ़नी-देवघर-बढ़नी श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। गाड़ी सं. 05028 बढ़नी-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 09.07.2025 से 10.08.2025 तक प्रतिदिन बढ़नी से 17.30 बजे खुलकर अगले दिन 01.20 बजे हाजीपुरए 02.15 बजे शाहपुर पटोरीए 03.10 बजे बरौनीए 03.40 बजे बेगुसरायए 05.15 बजे मुंगेरए 06.40 बजे सुलतानगंज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 13.00 बजे देवघर पहुंचेगी ।

वापसी मेंए गाड़ी सं. 05027 देवघर.बढ़नी श्रावणी मेला स्पेशल 10.07.2025 से 11.08.2025 तक प्रतिदिन देवघर से 18.45 बजे खुलकर 21.28 बजे सुलतानगंजए 23.15 बजे मुंगेरए अगले दिन 00.08 बजे बेगुसरायए 00.30 बजे बरौनीए 01.30 बजे शाहपुर पटोरीए 02.30 बजे हाजीपुरए 05.00 बजे छपरा एवं 09.30 बजे गोरखपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 12.30 बजे बढ़नी पहुंचेगी ।

इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 15 कोच होंगे ।

## दोनों देशों के बीच लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा की जा रही

# ट्रंप ने कहा : भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक ''बहुत बड़ा'' व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, ''हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा...'' ट्रंप ने कहा, 'चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं।'' राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं।

■ ट्रंप ने विधेयक पारित करने के एक कार्यक्रम यह बात कही



### दोनों देश अंतरिम समझौते के लिए बात कर रहे

*ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए बृहस्पतिवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।*

### हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे

ट्रंप ने कहा, '' याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था, '' क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।'' राष्ट्रपति ने कहा, '' हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे।

### भारत ने अब तक दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है।भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत की मांग कर रहा है।

### अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते पर हुए हस्ताक्षर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही भारत के साथ भी समझौता हो जाएगा। वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने 'ब्लूमबर्ग टीवी' को बताया कि चीन के साथ इस सप्ताह की शुरुआत में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ट्रंप और लुटनिक दोनों ने ही समझौते के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार देर रात कहा, '' हमने अभी-अभी चीन के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।''

### समझौते पर दो दिन पहले हस्ताक्षर

लुटनिक ने कहा कि इस समझौते पर दो दिन पहले ही ''हस्ताक्षर'' किए गए। उन्होंने कहा, '' राष्ट्रपति को समझौते करने हैं...हम एक के बाद एक समझौते करने जा रहे हैं।'' चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि दोनों पक्षों ने ''समझौते की रूपरेखा के विवरण की पुष्टि की है।'' लेकिन उसके बयान में स्पष्ट रूप से दुर्लभ खनिजों तक अमेरिका की पहुंच का उल्लेख नहीं किया गया है। इसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों में होता है।

# विदेशी पूंजी प्रवाह से सेंसेक्स फिर से 84,000 अंक के पार

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स 303 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती जारी रहने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक चढ़कर एक बार फिर 84,000 के स्तर के ऊपर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 88.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 1,650.73 अंक यानी दो प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी में 525.4 अंक यानी दो प्रतिशत का उछाल आया। बजाज ब्रोकिंग की शेयर बाजार पर जारी टिप्पणी के



■ आईसीआईसीआई बैंक व रिलायंस में निकली खरीदी

मुताबिक, /”सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती के साथ साप्ताहिक कारोबार का समापन किया। ईरान-इजराइल युद्धविराम के बाद तनाव घटने और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद से तेजी के इस दौर को समर्थन मिला है।/”

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही।

दूसरी तरफ, ट्रेंट, इटर्नल, एक्सिस बैंक और टाइटन के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### तनाव कम होने से निवेशकों की असमंजस दूर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /”पश्चिम एशिया में युद्ध-विराम और समयसीमा से पहले व्यापार तनाव कम होने की उम्मीद ने निवेशकों की असमंजस दूर कर दी है। एफआईआई लगातार कई दिनों तक बिकवाली करने के बाद अब शुद्ध खरीदार बन गए हैं, जिससे निकट भविष्य में बाजार की स्थिरता में सुधार हुआ है।/”

## एडवोकेट सुरेन्द्र गहलोत बने गुरूग्राम जिले की ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य

**गुडगांव।** हरियाणा की भाजपा सरकार ने वीरवार देर रात को गुरूग्राम जिले की ग्रीवेंस कमेटी के सदस्यों की सूची जारी की। इस सूची में एडवोकेट सुरेन्द्र गहलोत का नाम आने पर गुरूग्राम के अनेक गणमान्य लोगों ने उनके इस नये दायित्व के लिए उन्हें मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस नई जिम्मेदारी मिलने पर एडवोकेट सुरेन्द्र गहलोत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, संगठन महामंत्री फनींद्रनाथ शर्मा सहित गुरूग्राम के अन्य शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार एवं धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को गुरूग्राम विधानसभा ग्रीवेंस कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर मैं अपने आप को अत्यंत सौभाग्यशाली मानता हूँ और अपने शीर्ष नेतृत्व को विश्वास दिलाता हूँ कि सरकार द्वारा सौंपे गए इस उत्तरदायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करूंगा।



एडवोकेट सुरेन्द्र गहलोत ने कहा कि मुझे जो भी जिम्मेदारी दी गई है मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा साथ में अपने जिले की हर प्रकार की समस्या को सरकार और अधिकारियों के सामने रखकर उनके निवारण का भरसक प्रयास करूंगा। उन्होंने हरियाणा सरकार एवं भाजपा संगठन के सभी मंत्रियों, पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर गुरूग्राम के सर छोटूराम संस्था, झाड़सा के प्रधान राजबीर ठाकरान, कुलवंत दहिया, देवेन्द्र महलावत, जोगिन्दर शोकीन, भूपेन्द्र सुखराली, भोला दहिया, नरेन्द्र डबास सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सुरेन्द्र गहलोत को बधाई एवं शुभकामनाएं भेंट की।

## जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग को 'ब्रोकरेज बिज़नेस' के लिए सेबी की मंजूरी

**मुंबई।** जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड (जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग) को भारत में ब्रोकरेज फर्म के रूप में काम करने के लिए, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग, भारतीय निवेशकों के लिए सस्ती, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित एग्जीक्यूशन कैपेबिलिटी खड़ी करना चाहती है। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग। हाल ही में जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स को म्यूचुअल फंड मार्किट में उतरने और निवेश सलाहकार के तौर पर काम शुरू करने की नियामकीय मंजूरियां मिली थी। अब ब्रोकिंग लाइसेंस की प्राप्ति से जियो ब्लैकरॉक संयुक्त उद्यम भारत के लोगों को व्यापक निवेश सॉल्युशनंस दे सकेगा। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ मार्क पिलग्रेम ने कहाः ॰जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग को सेबी की मंजूरी मिलने से हम बेहद खुश है। अब हम भारत को 'बचतकर्ताओं के देश' से 'निवेशकों के देश' में बदलने में मदद कर पाएंगे। जियोब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के साथ, हम खुदरा निवेशकों को व्यक्तिगत सलाह दे सकेंगे। ब्रोकरेज बिजनेस के साथ, हम निवेशकों के लिए एक एग्जीक्यूशन प्लेटफॉर्म भी लाएंगे।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ हितेश सेठिया ने कहाः ॰ये हमारे लिए रोमांचक समय है। एक तरफ जियोब्लैकरॉक की एसेट मैनेजमेंट बाजार में म्यूचुअल फंड पेश करने की तैयारी कर रही है, जियोब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स ऑपरेशन शुरू करने जा रही है, तो दूसरी तरफ ब्रोकिंग इकाई की मंजूरी मिलने से हमारी रणनीति में एक नया आयाम जुड़ा है। आसानी से सुलभ और डिजिटल-फर्स्ट सॉल्युशन्स के माध्यम से भारत में निवेश को लोकतांत्रिक बनाना ही हमारा लक्ष्य है।॰ब्लैकरॉक में इंटरनेशनल हेड रेचल लॉर्ड ने कहाः ॰भारत में लाखों निवेशकों की पूंजी बाजारों तक पहुंच बनाने और किफायती व अभिनव निवेश सॉल्युशंस प्रदान करने के लिए जियोब्लैकरॉक की स्थापना की गई थी। सेबी से यह तीसरी मंजूरी हमारे संयुक्त उद्यम की प्रोडक्ट रेंज को पूरा करती है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने आईआईवीआर का दौरा कर कामकाज की समीक्षा की

■ टमाटर की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, सूखे पाउडर और एक्सपोर्ट को बढ़ाने वाली फसलों का विकास करने की बात कही

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने शुक्रवार को वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) के वैज्ञानिकों, कृषि से जुड़े पदाधिकारियों और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के विशेषज्ञों के साथ किसानों की आय बढ़ाने और बेहतर उत्पादन के लिए समीक्षा बैठक की।

सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने वैज्ञानिकों को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' को आगे बढ़ाने और किसानों के साथ संवाद को तीव्र गति देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कृषि की दशा ठीक करने के लिए नई वैरायटी, किसानों के इनोवेशन, उन्नत प्रौद्योगिकी और खेतों में किसानों को होने वाली समस्या को दूर करने की दिशा में कार्य करना होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सब्जी उत्पादन बढ़ाने के लिए जीनोम एडिटिंग, बीज उपचार, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के लाभ को किसानों तक पहुंचाने और नकली खाद, अमानक बीज एवं पेस्टिसाइड जैसी समस्याओं से किसानों को निजात दिलाने के लिए कार्य-योजना बनाये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश में 16 हजार कृषि वैज्ञानिक हैं जो शोध करते हैं और उन्नत क्वॉलिटी के बीज तैयार करते हैं। उन्होंने 'लैब टू लैंड' कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि इससे किसानों की जरूरतों के अनुसार शोध किया जा सकता है। केंद्रीय



कृषि मंत्री ने टमाटर की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, सूखे पाउडर और एक्सपोर्ट को बढ़ाने वाली फसलों का विकास करने, जैविक और परंपरागत खेती से उत्पादन के वैज्ञानिक तथ्यों पर डेटा जुटाने, जीन एडिटिंग पर तेजी से कार्य करने और 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' से मिले अनुभवों के आधार पर किसान और खेत की आवश्यकता के अनुसार शोध करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने आईआईवीआर के वैज्ञानिकों से इस अभियान से प्राप्त अनुभवों पर एक ब्रेन स्टॉर्मिंग करके किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर देना होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने, लागत घटाने, उपज के नुकसान की भरपाई करने, उत्पादन के उचित दाम देने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का काम हो रहा है। विभिन्न विभागों, केवीके एवं राज्य के कृषि विभाग के अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल के साथ तत्परता से किसान कल्याण के प्रयास जारी है।

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** — कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** — कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** — कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** — परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

### साउथ वेस्ट पिनेकल को ओमान से मिला ठेका

**नई दिल्ली।** साउथ वेस्ट पिनेकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड को ओमान में सोने जैसे खनिजों की अन्वेषण एवं खनन के लिए करीब 30 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## IIT रोपड़ ने HRIT यूनिवर्सिटि, गाजियाबाद के साथ मिलकर 13वीं साइबर-फिजिकल सिस्टम (CPS) लैब का उद्घाटन किया

**रोपड़।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) रोपड़ ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST), भारत सरकार के मिशन (NM-ICPS) द्वारा समर्थित अपनी 13वीं साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (CPS) लैब का उद्घाटन एचआरआईटी यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद में किया। यह कार्यक्रम शैक्षणिक संस्थानों में उन्नत अनुसंधान और CPS प्रौद्योगिकियों के वास्तविक अनुप्रयोगों की पहुंच को विस्तारित करने के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी की दिशा में प्रमुख कदम था।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सुनील शर्मा ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।

■ अनुसंधान और कौशल विकास को मिलेगी नई गति

अपने संबोधन में उन्होंने आईआईटी रोपड़ और एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के इस संयुक्त प्रयास की सराहना की,




जो भारत के डिजिटल और नवाचार परिदृश्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है।एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया और उभरती तकनीकों के साथ छात्रों और शिक्षकों को सशक्त बनाने में इस प्रकार की रणनीतिक साझेदारियों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात आईआईटी रोपड़ के निदेशक डॉ. राजीव आहूजा ने उद्घाटन भाषण दिया और देश में CPS इन्फ्रास्ट्रक्चर को स्थापित करने की राष्ट्रीय पहल के बारे में बताया, जो विभिन्न क्षेत्रों के बीच नवाचार को सक्षम बनाता है।

## मुकेश गुप्ता ने की चिराग पासवान से मुलाकात

**नई दिल्ली।** ग्राफिस एड्स लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश गुप्ता ने खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्योगमंत्री चिराग पासवान से मुलाकात की और भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में शानदार बदलाव और उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि मंत्री के प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्योग के लिए दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। मुलाकात के दौरान उन्होंने पासवान जी की गतिशीलताए, विनम्रता और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वृद्धि और इनोवेशंस को बढ़ावा देने में उनके प्रभावशाली नेतृत्व की सराहना की।



## शब्द पहेली - 5911



**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5910 का हल**





# इंग्लैंड बनाम भारत : भारतीय बल्लेबाज जो एजबेस्टन में कर चुके हैं रनों की बारिश

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन


भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहला टेस्ट जीतकर 1-0 की बढ़त बना ली है। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन के मैदान पर खेला जाएगा, जो इंग्लैंड के लिए हमेशा से एक मजबूत किला रहा है। इस मैच से पहले एजबेस्टन में भारत और इंग्लैंड के उन बल्लेबाजों के आंकड़े जानना दिलचस्प होगा, जिन्होंने इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टेस्ट मुकाबला हारने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा मुकाबला एजबेस्टन में खेलने उतरने वाली है। भारतीय टीम सीरीज में वापसी की उम्मीद लेकर उतरेगी। ऐसे में एजबेस्टन का मैदान भारत के लिए कितना शुभ साबित हो सकता है, इसका अंदाजा वहां बल्लेबाजों के प्रदर्शन से लगाया जा सकता है। दूसरे मुकाबले से पहले जान लेते हैं एजबेस्टन में टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज कौन-कौन रहे हैं?



### विराट कोहली (231 रन)

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस सूची में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने यहां पहला मुकाबला साल 2018 में खेला था। आखिरी बार वह यहां 2022 में खेलते हुए नजर आए थे। दो मैच की 4 पारियों में उन्होंने 57.75 की उम्दा औसत के साथ 231 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था। कोहली का इस मैदान पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 रन रहा था।



### सुनील गावस्कर (216 रन)

दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के एक और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं। उन्होंने 1974 में इस मैदान पर पहला मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 1986 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 3 टेस्ट की 6 पारियों में 36 की औसत से 216 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 68 रन रहा था। गावस्कर इस मैदान पर शतक नहीं लगा पाए थे।

### सचिन तेंदुलकर (187 रन)



एक और पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने इस मैदान पर साल 1996 में पहला मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह इस मैदान पर 2011 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 2 मैच की 4 पारियों में 46.75 की उम्दा औसत के साथ 187 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक निकला था। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122 रन रहा था।

### पंत (203 रन), जडेजा (104 रन)

तीसरे स्थान पर हेडिंग्ले में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं। उन्होंने यहां अपना एकमात्र मुकाबला साल 2022 में खेला था। उस मैच की 2 पारियों में उन्होंने 203 रन जड़ दिए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था। बता दें कि 2022 में जिस पारी में पंत ने शतक लगाया था, उसी पारी में रविंद्र जडेजा ने भी 13 चौकों की मदद से 104 रन बनाए थे।

## इंग्लैंड के इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

### जो रूट (920 रन)

इस सूची में पहले स्थान पर इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट हैं, जिन्होंने एजबेस्टन के मैदान पर साल 2015 में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। अब तक वह इस मैदान पर 9 टेस्ट की 16 पारियों में 70.76 की औसत से 920 रन बना चुके हैं। उनके नाम यहां 3 शतक और 5 अर्धशतक दर्ज हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 142 रन है। एजबेस्टन की पिच पर रूट का बल्ला लगातार रन उगलता रहा है।



### एलिस्टेयर कुक (869 रन)

दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के पूर्व महान सलामी बल्लेबाज और कप्तान रहे एलिस्टेयर कुक हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला मुकाबला साल 2006 में खेला था। आखिरी बार वह 2018 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 10 मुकाबलों की 16 पारियों में 57.93 की शानदार औसत के साथ 869 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 2 शतक और 2 अर्धशतक निकले थे। उनका एजबेस्टन के मैदान पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर 294 रन था।

### डेविड गॉवर (767 रन)

*एजबेस्टन के मैदान पर अपना पहला मुकाबला साल 1978 में खेलने वाले डेविड गॉवर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। इस पूर्व खिलाड़ी ने यहां अपना आखिरी मुकाबला 1989 में खेला था। उन्होंने इस मैदान पर 9 मुकाबले खेले थे और इसकी 14 पारियों में 59 की शानदार औसत के साथ 767 रन बनाने में सफल रहे थे। उनके बल्ले से 2 शतक और 3 अर्धशतक निकले थे और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 215 रन रहा था।*

### कॉलिन कौड्रे (737 रन)

*इंग्लैंड के एक और पूर्व बल्लेबाज कॉलिन कौड्रे इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। एजबेस्टन में उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच साल 1957 में खेला था। आखिरी बार वह इस मैदान पर 1971 में इंग्लैंड की ओर से खेलते हुए नजर आए थे। इस खिलाड़ी ने 8 टेस्ट मैचों की 13 पारियों में 56.69 की औसत के साथ 737 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 3 शतक और 3 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 161 रन था।*

## खबर संक्षेप



### यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच लुईस से नाता तोड़ा

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच जॉन लुईस से नाता तोड़ने का फैसला किया है जो 2023 से उनके साथ थे। डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वारियर्स तालिका में निचले स्थान पर रही थी। टीम ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कोच से अलग होने की जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, ''पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। कोच जॉन लुइस दिल से, सयंम से और भरोसे से मार्गदर्शन करने के लिए आपका धन्यवाद। आप हमेशा वारियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे।'' इंग्लैंड के लिए एक टेस्ट, 13 वनडे और दो टी20 खेलने वाले लुईस के मार्गदर्शन में यूपी वारियर्स 2023 में टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ तक पहुंची थी।

### कमिंस को इशारा करने वाले गेंदबाज सील्स पर जुर्माना

**ब्रिजटाउन।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन पैट कमिंस के आउट होने पर उन्हें ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है । सील्स ने आईसीसी आचार संहिता का लेवल एक का अपराध किया है और उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया चूंकि यह 24 महीने के भीतर उनका दूसरा अपराध था । आईसीसी आचार संहिता के तहत सील्स ने धारा 2.5 का उल्लंघन किया है जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाज के आउट होने पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने या ऐसे इशारे करने से संबंधित है जिससे बल्लेबाज आक्रामक प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकता है ।



### एआईटीए की कार्यकारिणी ने धूपर को हटाया

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की कार्यकारी समिति ने शुक्रवार को अनिल धूपर को महासंघ के महासचिव पद से हटा दिया और कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह इस पद पर नहीं रह सकते थे और वह पहले ही अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। कार्यकारिणी के 25 सदस्यों में से 17 सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे जिसमें तीन चौथाई बहुमत से संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इससे उन्हें सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका का जवाब दाखिल करने का अधिकार मिल गया, जिसमें सितंबर 2024 में हुए चुनावों की वैधता को चुनौती दी गई थी।

## आईसीसी के नए नियमों में 'सिर पर चोट' लगने से खिलाड़ियों को सात दिन बाहर रहना होगा

**अब हर मैच के लिए कनकशन खिलाड़ी को नामांकित करना होगा**

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा की जिसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं।

क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी। इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरूआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी। 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा।

### आईसीसी ने सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नियमों की घोषणा



#### खिलाड़ियों की सुरक्षा पर ध्यान

आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा, ''मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए।''

#### नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर से

आईसीसी ने कहा कि पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा। इसमें वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम भी शामिल है जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा, ''ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए।''

#### वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी छूट देने पर काम

आईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है।'' आईसीसी ने कहा, ''कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।''

#### प्रथम श्रेणी में चोटिल होने पर किसी भी खिलाड़ी से बदला जा सकता है

एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किया जाना है जिसमें टीमें अंतिम एकादश में चुनने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा, ''मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है।''

## डोपिंग मामले में धाविका ट्विंकल चौधरी निलंबित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है।

एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था। इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस ताजा निलंबन से देश की मुसीबतें बढ़ना जारी है क्योंकि उसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डोपिंग का रिकॉर्ड बहुत खराब है।

### भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा

मई में भारतीय एथलीट स्नेहा कोलेरी को एनाबोलिक स्टेरॉइड स्टैनाजोलोल का पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया था। हाल में जारी 2023 की जांच के आंकड़ों में जिन देशों ने 5000 या इससे अधिक नमूने की जांच कराई, उसमें भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा और उसका प्रतिशत 3.8 रहा था।

**विम्बलडन**

## अल्काराज पहले दौर में फोगनिनी से भिड़ेंगे



एजेंसी ▶▶| लंदन

दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी।

इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है।

### गॉफ को सोफिया केनिन से भिड़ना होगा



तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विम्बलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था। गत चैंपियन बारबोरा क्रेजसिकोवा पहले दौर में एलेक्जांड्रा इयाला से भिड़ेगी।

## प्रज्ञानानंदा ने उजचेस कप मास्टर्स जीता, शीर्ष भारतीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बने

**ताशकंद।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शुक्रवार को यहां उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानानंदा की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की। इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो बृहस्पतिवार तक भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे लेकिन अब दुनिया के छठे नंबर पर खिसक गए। मैग्नस कार्लसन (2839.2) शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन स्थानीय दावेदार नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक पीछे और जावोखिर सिंदारोव से आधा अंक पीछे से शुरुआत की। अंतिम दौर में अब्दुसत्तोरोव पर एक अहम जीत ने उन्हें राउंड-रॉबिन चरण के अंत में 5.5 अंक के साथ दोनों खिलाड़ियों के बराबर लाने में मदद की। एरिगैसी ने अरविंद चितंबरम के साथ ड्रा करके इसे चार खिलाड़ियों का टाई बनाने का मौका गंवा दिया।

## युवेंटस को हराकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा मैनचेस्टर सिटी

एजेंसी ▶▶| ऑरलैंडो



मैनचेस्टर सिटी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए युवेंटस को 5-2 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप जी में शीर्ष पर रहते हुए अगले दौर में जगह बनाई। कैम्पिंग वर्ल्ड स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी की टीम आत्मघाती गोल से 2-1 से आगे हो गई, जब डिफेंडर पियरे कालुलु ने नजदीक से पास रोकने का प्रयास करते हुए गेंद को अपनी नेट में पहुंचा दिया।

इंग्लैंड के क्लब की तरफ से दूसरे हाफ में एरलिंग हालैंड, फिल फोडेन और सेविन्हो ने गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। इससे पहले जेरेमी डोकू ने नौवें मिनट में मैनचेस्टर सिटी के लिए पहला गोल किया लेकिन इसके दो मिनट बाद ट्यून कूपमेइनर्स ने बराबरी का गोल कर दिया। डुसन व्लाहोविक ने 84वें मिनट में इटली के क्लब के लिए दूसरा गोल किया, जो ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा।

**अंडर-19: सूर्यवंशी का धमाल, भारत 6 विकेट से जीता**

## भारत ने इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई

एजेंसी ▶▶| होव

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 दौरे के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू



अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए। लेकिन इनके जाने के बाद उप कप्तान अभिज्ञान कुंडू ने नाबाद 45 रन (34 गेंद, चार चौके, एक छक्का) बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली। वनडे श्रृंखला के बाद 12 जुलाई से दो युवा टेस्ट मैच खेले जाएंगे। चौदह वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए सात मैच में 252 रन बनाए थे जिसमें गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद में शतक बनाने का रिकॉर्ड भी शामिल है।

सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने छठे ओवर में जैक होम की गेंदों पर तीन छक्के जड़े और फिर जेम्स मिंटो की गेंदों को धुनते हुए 18 गेंद में 48 रन बना डाले। पर उनकी तूफानी पारी अगली ही गेंद पर समाप्त हो गई। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर राल्फी अल्बर्ट की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने की कोशिश की और ताजीम चौधरी अली के हाथों लपके गए। चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 48 गेंद में 84 रन की पारी खेलने वाले कप्तान म्हात्रे ने सूर्यवंशी के आउट होने के बाद एएम फ्रेंच की गेंदों पर लगातार दो चौके जड़े। लेकिन मुंबई का यह खिलाड़ी जल्द ही एक्स्ट्रा कवर पर शॉट लगाने की कोशिश में रॉकी के हाथों लपका गया। भारत ने आठ रन के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए। फिर मौल्यराजसिंह चावड़ा (16) 13वें ओवर में फ्रेंच का शिकार बने। लेकिन स्कोरबोर्ड का कोई दबाव नहीं होने के कारण मेहमान टीम ने आसानी से जीत दर्ज की। इससे पहले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज आईसैक मोहम्मद ने 28 गेंद में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 42 रन की तेज पारी खेली।

जयशंकर ने कांग्रेस पर कसा तंज

# लोकतंत्र की दुहाई देने वालों ने आज तक आपातकाल पर नहीं मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि देश से पहले एक परिवार के हित को रखा गया। उस दौरान न लोकतंत्र बचा, न जनता की आवाज। लोग जेलों में बंद थे, देश डर में जी रहा था और परिवार सत्ता का मजा ले रहा था। जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग आज संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते हैं, लेकिन दिल में उसका सम्मान नहीं करते। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग आज लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, वो आज तक आपातकाल पर माफी नहीं मांग सके।

*जयशंकर ने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि देश से पहले एक परिवार के हित को रखा गया। उस दौरान न लोकतंत्र बचा, न जनता की आवाज। लोग जेलों में बंद थे, देश डर में जी रहा था और परिवार सत्ता का मजा ले रहा था*

*आपातकाल से दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक छवि को धक्का लगा*



### देश का मनोबल तोड़ने की साजिश

विदेश मंत्री ने कहा कि उस दौर में देश का मनोबल तोड़ने की साजिश हुई। जो राजनीति में थे, उन्हें पता था कि कभी भी गिरफ्तार किया जा सकता है। जो जेल गए, उन्हें नहीं पता था कि कब बाहर निकलेंगे। इतना डर और अन्याय शायद ही कभी देखा गया हो। जयशंकर ने कहा कि 'किस्सा कुर्सी का' फिल्म के नाम में ही उस वक्त की असलियत छिपी है। जब परिवार को देश से ऊपर रखा जाता है, तब ही आपातकाल जैसे काले अध्याय लिखे जाते हैं।

### आज देश पहले, परिवार नहीं

जयशंकर ने कहा कि कहा कि आज हालात बदल चुके हैं। आज देश का हित सबसे ऊपर रखा जाता है। जब शशि थरूर, सुप्रिया सुले, कनिमोझी, संजय झा, जय पांडा, रविशंकर प्रसाद और श्रीकांत शिंदे जैसे नेता विदेशों में एकजुट होकर भारत का पक्ष रखते हैं, आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाते हैं, तब दुनियाभर में भारत की तारीफ होती है। यही असली लोकतंत्र और देशभक्ति है।

### सत्ता बचाने के लिए आपातकाल थोपा

एस. जयशंकर ने कहा कि 1971 में मिली चुनावी जीत के कुछ साल बाद ही सरकार की लोकप्रियता गिरने लगी थी। भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ गई थी। गुजरात और बिहार में आंदोलन चल रहे थे। 'युवराज' के बिजनेस को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में सरकार ने सत्ता बचाने के लिए आपातकाल थोप दिया।

### 2 साल में 5 बार संविधान से हुआ खिलवाड़

*विदेश मंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान सिर्फ दो साल में 5 बार संविधान में संशोधन हुआ और 48 अध्यादेश लाए गए। 38वें संशोधन में आपातकाल को अदालत में चुनौती देने का अधिकार छीना गया, जबकि 42वें संशोधन में मौलिक अधिकार कमजोर कर दिए गए और न्यायपालिका की शक्ति सीमित की गई। जयशंकर ने बताया कि जब वह विदेश सेवा में नए थे, तब उनके सीनियर्स ने उन्हें बताया था कि दुनियाभर में भारत की 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' वाली छवि को गहरा धक्का लगा था। भारत की बहुत आलोचना हुई और भारतीय राजनयिकों के लिए हालात बेहद कठिन हो गए थे।*

### जयशंकर ने ईरानी समकक्ष अराघची से की बात

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराकची से बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत की जानकारी एक ट्वीट के जरिए दी। जयशंकर ने बताया कि उन्होंने मौजूदा जटिल हालात पर ईरान का नजरिया जाना और उनकी सोच को समझा। इसके साथ ही उन्होंने इस बात के लिए ईरान का धन्यवाद किया कि उन्होंने भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की।*

## खबर संक्षेप

### असम में कुए से गैस रिसाव पूरी तरह रोका


**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि तेल और



प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने असम के शिवसागर जिले में अपने कच्चे तेल के कुए में 16 दिनों तक जारी गैस रिसाव के बाद हुए विस्फोट को सफलतापूर्वक रोक दिया है। इसे बिना किसी जानमाल की हानि के अंजाम दिया गया। यह विस्फोट 12 जून को शुरू हुआ था। ओएनजीसी ने शुक्रवार को 11:15 बजे कुआ आरडीएस 147ए के विस्फोट को सफलतापूर्वक रोक दिया है।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए कंपनियां उत्तरदायी

**साओ पाउलो।** ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया कंपनियों को उनके



उपयोगकर्ताओं द्वारा की गईं पोस्ट के लिए उत्तरदायी ठहराने के निर्णय से संबंधित विवरण पर सहमति जताई, साथ ही अगले कुछ सप्ताह में फैसले को लागू करने का रास्ता साफ हो गया। ब्राजील की शीर्ष अदालत में 8-3 के मत से पारित आदेश में गूगल, मेटा और टिकटॉक जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों को घृणास्पद भाषण, नस्लवाद और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर सक्रिय रूप से निगरानी रखने और उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी समकक्ष बेलोसोव से की मुलाकात

# एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और अन्य सैन्य उपकरणों की डिलीवरी पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ किंगदाओ

चीन के किंगदाओ में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों नेताओं ने एस-400 सिस्टम की डिलीवरी, एसयू-30 एमकेआई के अपग्रेड और समय-सीमा में सैन्य हार्डवेयर की खरीद को लेकर बात की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने पहलगाम हमले को भयावह और कायराना आतंकवादी कृत्य बताते हुए भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। रूस ने भारत को आश्वासन दिया है कि वह एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के बचे दो स्क्वाड्रनों को 2026-27 तक भारत को दे देगा। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसी एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान को जमकर धूल चटाई थी। एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के चौथे और पांचवें स्क्वाड्रन की डिलीवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से देरी हुई है।

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला*

1 रूस ने पहलगाम हमले को कायराना आतंकी कृत्य बताया

2 आधुनिक रक्षा क्षमताओं के उन्नयन पर भी हुई बातचीत



### एस-400 की खासियत

एस-400 के हर एक स्क्वाड्रन में दो मिसाइल बैटरियां होती हैं, जिनमें 128 मिसाइलें शामिल होती हैं। ये मिसाइलें 120, 200, 250 और 380 किमी. तक मार करने में सक्षम हैं। इसके साथ ही इसमें लंबी दूरी का रडार सिस्टम और हर मौसम में चलने वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल भी होते हैं। भारतीय वायुसेना ने पहले तीन एस-400 स्क्वाड्रनों को चीन और पाकिस्तान को काउंटर करने के लिए उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में तैनात किया हुआ है।

### रक्षा उत्पादन बढ़ाने पर हुई चर्चा

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह दोनों देशों के नेताओं के बीच हाल ही में हुई सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक थी। इसमें रक्षा उत्पादन बढ़ाने को लेकर बात हुई। इसमें वायु रक्षा, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, आधुनिक क्षमताओं और हवाई प्लेटफार्मों के उन्नयन पर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख तौर पर एस-400 सिस्टम की आपूर्ति, एसयू-30 एमकेआई के विकास और समय सीमा में महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर की खरीद पर भी बात हुई।

### दोनों देश रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे

*राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने और बेलोसोव ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-रूस रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर गहन विचार-विमर्श किया।*

### 2018 में हुई थी डील

बता दें, 2018 में भारत-रूस के बीच 40 हजार करोड़ रुपये की डील पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसके तहत भारत को एस-400 के 5 स्क्वाड्रन 2023 के आखिरी तक मिलने थे लेकिन अब तक भारत को सिर्फ 3 स्क्वाड्रन ही मिल पाए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चौथा स्क्वाड्रन अगले साल तक और पांचवां स्क्वाड्रन 2027 में मिल जाएगा।

**यह जानकारी नौसेनाप्रमुख ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए एक समारोह को संबोधित करते हुए दी**

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तैयारी पूरी थी, समुद्री क्षेत्र में डटी थी नौसेनाः एडमिरल त्रिपाठी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के. त्रिपाठी ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की भारत की सैन्य कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि इस



दौरान भारतीय नौसेना के जहाज, पनडुब्बियां और लड़ाकू विमान रणनीतिक रूप से समुद्री क्षेत्र में पूरी तरह से तैयार और तैनात थे। जिसका सिर्फ एक ही मकसद था कि अगर पश्चिमी क्षेत्र में मौजूद हमारा दुश्मन समुद्री क्षेत्र में भारत के खिलाफ कोई गुस्ताखी करने की कोशिश करें तो उसे तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। नौसेना की समुद्री क्षेत्र में बनी हुई ये तैनाती एक प्रकार से हमारे देश की मजबूती और उच्च-स्तर की सैन्य तैयारी को भी साफ तौर पर प्रदर्शित कर रही थी। यह जानकारी नौसेनाप्रमुख ने शुक्रवार को नौसेना भवन में आयोजित किए गए प्रतिष्ठापन (इनवेस्टीचर) समारोह को संबोधित करते हुए दी।

### बदल गई भारत की रणनीतिक सोच

उन्होंने भविष्य में भारत पर होने वाले किसी भी आतंकी हमले को बतौर युद्ध के रूप में लेने के केंद्र सरकार के निर्णय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह फैसला एक प्रकार से हमारे देश की 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दुश्मन द्वारा भविष्य में किए जाने वाले किसी भी अन्य आतंकी हमले को युद्ध मानने से जुड़ी हुई है। जिसने देश की रणनीतिक सोच में एक नया आयाम शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे जटिल और तेजी से बदलते हुए वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच रह रहे हैं। जिसमें भारतीय नौसेना की भूमिका भी बहुत अधिक जटिल हो जाती है। एडमिरल त्रिपाठी ने बदलते हुए भू-राजनीतिक और भू-सामरिक परिदृश्यों के साथ दुनियाभर में जारी संघर्षों का भी जिक्र किया और कहा कि इन्होंने हमारे कार्यों या भूमिका की तीव्रता, विविधता और जटिलता को असाधारण रूप से बढ़ा दिया है। समारोह के दौरान सम्मानित किए गए नौसैन्यकर्मियों को नौसेनाप्रमुख ने बधाई दी।

### कोमोडोर श्रीलम को किया सम्मानित

उन्होंने प्रतिष्ठित युद्ध सेवा मेडल से कोमोडोर कार्तिक श्रीमल को सम्मानित किया। जिन्होंने ऑपरेशन संकल्प के दौरान बल के पश्चिमी बेड़े द्वारा चलाए गए अभियान में सराहनीय भूमिका निभाई थी। दिसंबर-2023 में यह अभियान लांच किया गया था। जिसका संबंध लाल सागर और अदन की खाड़ी में समुद्री डाकुओं और डकैतों से विभिन्न प्रकार के जहाजों को अपने समुद्री अभियानों जैसे एंटी ड्रोन, एंटी मिसाइल और एंटी पाइरेसी के जरिए सुरक्षा प्रदान करने से जुड़ा हुआ था।

**आईओएनएस कार्य समूह की हुई बैठक**

## 13 सदस्य देशों ने क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने 24 से 25 जून, 2025 तक नई दिल्ली में समुद्री सुरक्षा पर हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) कार्य समूह की बैठक का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा ढांचे को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। 13 आईओएनएस सदस्य देशों के प्रतिनिधि-ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस, भारत, केन्या, मोजाम्बिक, ओमान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण




अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया और थाईलैंड हिंद महासागर (आईओआर) में क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई और समकालीन समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से बहुपक्षीय तंत्र की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया।

उत्तराखंड में बारिश से गिर रहा मलबा

## सोनप्रयाग के पास केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग/ शिमला

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण जिला प्रशासन ने सोनप्रयाग-मुनकटिया मार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित कर दी है। केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार बिंदु के रूप में कार्य करने वाली सड़क सोनप्रयाग शटल पुल के पास और मुनकटिया के पास स्लाइडिंग जोन क्षेत्र में लगातार मलबा और पत्थर गिरने के कारण यात्रियों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बाधित हो गई। सड़क को खोलने और बंद करने की प्रक्रिया को नियंत्रित किया जा रहा है तथा प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस द्वारा अतिरिक्त सतर्कता के साथ यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, जिला पुलिस ने केदारनाथ धाम आने वाले तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे केदारनाथ धाम यात्रा पर अतिरिक्त सावधानी के साथ आएं तथा मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखें।

### हिमाचल में 7 की मौत, मनूणी खड्ड में एक और शव मिला

*हिमाचल में बुधवार को पांच जगह बादल फटने से आई बाढ़ में अब तक सात लोगों की जान चली गई है। धर्मशाला और कुल्लू में छह लोग अभी भी लापता हैं। धर्मशाला के खनियारा में मनूणी*



*खड्ड में बहे एक और श्रमिक का शव सुबह बरामद हुआ है। दो अभी भी लापता हैं। गुरुवार को यहां तीन शव बरामद हुए थे। मौसम के कहर के बीच पहाड़ी में चढ़ गए एक युवक को रेस्क्यू कर लिया गया है। कुल्लू और धर्मशाला में टीमें तलाश में जुटी हैं। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने कहा कि हमारा लक्ष्य लापता श्रमिकों का पता लगाना है।*

**रुद्रप्रयाग हादसा मृतकों की संख्या बढ़कर 4 हुई**

गुरुवार को रुद्रप्रयाग में हुई बस दुर्घटना में लापता लोगों की तलाश के लिए अलकनंदा नदी पर दूसरे दिन भी खोज और बचाव अभियान जारी रहा। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की इंस्पेक्टर मंजरी नेगी ने दुर्घटनास्थल से लगभग 40 किलोमीटर दूर पौड़ी गढ़वाल में श्रीनगर बांध के पास एक लापता यात्री का शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई।

**आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार**

## आतंकी संगठनों से वीओआईपी और वीपीएन से करते थे संपर्क

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल पाक समर्थित आतंकियों के तीन मददगारों को सोपोर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रतिबंधित इलेक्ट्रानिक नेटवर्क का प्रयोग कर बराबर आतंकियों के संपर्क में थे। स्थानीय युवाओं को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल करने में भी सक्रिय थे। तीनों को कोट भलवाल जेल में रखा गया है। सोपोर पुलिस के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए हानिकारक गतिविधियों में लगातार सक्रियता के



लिए सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। तीनों की पहचान इरफान मोहिउद्दीन डार पुत्र मोहिउद्दीन डार निवासी संग्रामपोरा सोपोर, मोहम्मद आसिफ खान पुत्र अबू रहमान खान निवासी हरवान बोमई और गौहर मकबूल राथर पुत्र मोहम्मद मकबूल राथर निवासी हरदुशिवा के रूप में हुई।

**आपातकालीन लैंडिंग के बाद तिरुवनंतपुरम में 12 दिनों से खड़ा है यह विमान**

# तिरुवनंतपुरम में खड़े एफ-35बी लड़ाकू विमान को ठीक करेंगे ब्रिटेन के इंजीनियर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते 12 दिनों से केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े एफ-35बी लड़ाकू विमान में आई इंजीनियरिंग संबंधी गड़बड़ी को दूर करने के लिए जल्द ही ब्रिटेन के तीन दर्जन से अधिक इंजीनियरों की एक भारी भरकम टीम, विशेषज्ञों के साथ भारत पहुंचेगी। यह विमान इस महीने 14 जून को आपातकालीन लैंडिंग कर तिरुवनंतपुरम में उतरा था और उसके बाद यह उड़ान नहीं भर सका। वर्तमान में यह ब्रिटेन की नौसेना के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। संभवतः कम ईंधन की वजह से इसकी केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग हुई थी। खराब मौसम की वजह से यह विमान केरल तट से करीब 100 समुद्री मील की दूरी पर मौजूद ब्रिटेन के विमानवाहक युद्धपोत पर लैंड नहीं कर पाया था।



एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स पर मौजूद इंजीनियरों ने विमान के शुरुआती आकलन के बाद मामले में ब्रिटेन के इंजीनियरों का सहयोग लेने की आवश्यकता जताई। जिसके बाद ही ब्रिटेन से इंजीनियरों की टीम को भारत भेजने का फैसला लिया गया। यह जानकारी भारत में ब्रिटेन के उच्चायोग ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर दी।

**पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमानः** एफ-35बी पांचवीं पीढ़ी का एक लड़ाकू विमान है। जो कि छोटे रनवे से शॉर्ट टेकऑफ और वर्टिकल लैंडिंग की क्षमताओं से लैस है। इसके अलावा यह जटिल सैन्य अड्डों और जहाजों से भी हवाई संचालन को आसानी से अंजाम दे सकता है। इसे दुनिया के सबसे उन्नत नौसैन्य लड़ाकू विमानों में से एक माना जाता है। विमान की कुल अनुमानित कीमत 110 मिलियन डॉलर है। उधर, एफ-35बी के सामरिक महत्व को देखते हुए केरल में सीआईएसएफ के जवान चौबीसों घंटे इसकी निगरानी में जुटे हुए हैं।

**हवाईअड्डे पर ही होगी मरम्मतः** ब्रिटेन के उच्चायोग के प्रवक्ता ने बताया कि ब्रिटेन ने तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर एफ-35बी लड़ाकू विमान की मरम्मत करने का ऑफर स्वीकार कर लिया है। जिसके साथ ही अब विमान को हवाई अड्डे की मरम्मत और ओवरहॉल सुविधा (एमआरओ) की ओर ले जाया गया है। ब्रिटेन से इंजीनियरिंग के विशेषज्ञों के भारत पहुंचने के बाद इसे हैंगर में लाया जाएगा। जहां पर विशेषज्ञ उपकरणों के साथ विमान की व्यापक रूप से जांच-पड़ताल करेंगे। साथ ही उनकी ये भी कोशिश होगी कि उनकी कार्रवाई के दौरान हैंगर के ईर्द-गिर्द खड़े बाकी विमानों के मरम्मत संबंधी कार्यों में नाममात्र का ही गतिरोध पैदा हो। विमान की जांच-पड़ताल पूरी होने के बाद इसे दोबारा से ब्रिटेन अपने नौसैन्य अभियानों में शामिल करेगा। जमीनी स्तर पर मौजूद टीमें भारतीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में बनी हुई हैं। जिसमें मुख्य रूप से सुरक्षा उपायों पर खासतौर पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। टीम ने भारतीय अधिकारियों और तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे का निरंतर जरूरी सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया है।

**भारतीय वायुसेना बनी मददगारः** बताते चलें कि एफ-35बी के तिरुवनंतपुरम में लैंड करने के कुछ दिन बाद भारतीय वायुसेना ने कहा था कि वह विमान में सुधार और इसकी पुनः ब्रिटेन वापसी के लिए तमाम जरूरी सहयोग प्रदान कर रही है। ब्रिटेन की नौसेना का जंगी बेड़ा एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स के साथ इस महीने भारतीय नौसेना के साथ युद्धाभ्यास कर रहा था।

**ईरान पर मेहरबान हुए राष्ट्रपति ट्रंप**

## सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम के लिए 2.57 लाख करोड़ देने को तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की ट्रंप प्रशासन ने ईरान के साथ एक नया समझौता करने की योजना बनाई है, जिसमें ईरान को गैर-संवर्धन (नॉन-एनरिचमेंट) परमाणु कार्यक्रम के लिए 30 बिलियन डॉलर (करीब 2.57 लाख करोड़) की सहायता देने की पेशकश की है। ताकि उसे परमाणु समझौते की मेज पर वापस लाया जा सके। यह कार्यक्रम केवल नागरिक ऊर्जा उत्पादन के लिए होगा, जैसे बिजली संयंत्रों के लिए। यह राशि अमेरिका द्वारा नहीं, बल्कि इसके अरब सहयोगियों द्वारा दी



जाएगी। प्रस्ताव में ईरान पर लगे कुछ प्रतिबंधों को हटाने और विदेशी बैंकों में जमा 6 अरब डॉलर की राशि को मुक्त करने की बात शामिल है। अमेरिका ने सुझाव दिया है कि खाड़ी देश फोर्डो परमाणु सुविधा जो हाल के हमलों में क्षतिग्रस्त हुई थी, को एक गैर-संवर्धन परमाणु संयंत्र के रूप में पुनर्निर्माण के लिए भुगतान करें।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109